उज्जैन
सोमवार
29
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-236
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले 4 गिरफ्तार
7 दीप्ति सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली महिला क्रिकेटर

## उद्धव ठाकरे ने बीजेपी को 'बाबर जनता पार्टी' बताया



**धाराशिव/परभणी।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी छोड़कर एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हुए छह 6 सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा, अगर देश में कानून का राज है तो इन सांसदों को अयोग्य ठहराया जाना चाहिए। ये सांसद विकास के लिए नहीं, बल्कि अपने स्वार्थ के लिए गए हैं। उद्धव ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मुद्दा उठाते हुए बीजेपी का 'बाबर जनता पार्टी' बताया। उन्होंने कहा, बाबर ने राम मंदिर तोड़ा था। अब बाबर जनता पार्टी नए बने राम मंदिर को लूट रही है। दोनों में क्या फर्क है? उद्धव इन दिनों मराठवाड़ा के दौरे पर हैं। बाकी सांसदों के संसदीय क्षेत्रों में जाकर जनसभाएं कर रहे हैं।

## सऊदी अरब में हेलिकॉप्टर क्रैश में 14 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के रास तनुरा में रविवार को दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी 14 लोगों की मौत हो गई। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोग सऊदी अरब के ही नागरिक थे। हालांकि, क्रैश की वजह की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। सऊदी अरामको दुनिया की सबसे बड़ी तेल और गैस कंपनियों में से एक है। यह सऊदी अरब सरकार के स्वामित्व में है। इसकी स्थापना 1933 में अमेरिकी कंपनियों के साथ समझौते के तहत हुई थी। 1980 में यह पूरी तरह सऊदी सरकार के नियंत्रण में आ गई।

## बंगाल- आज विधानसभा में पेश हो सकता है यूसीसी बिल




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार सोमवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश कर सकती है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले अपने संकल्प पत्र में सरकार बनने के छह महीने के भीतर पश्चिम बंगाल में यूसीसी लागू करने का वादा किया था। 9 मई को नई सरकार का गठन हुआ था। इस विधेयक के तहत विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, संपत्ति के बंटवारे और गोद लेने जैसे मामलों में धर्म आधारित व्यक्तिगत कानूनों की जगह सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून लागू करने का प्रस्ताव है।

## ईरान का कुवैत-बहरीन में 8 अमेरिकी ठिकानों पर हमला

**तेल अवीव।** ईरान ने रविवार को दावा किया कि उसने कुवैत और बहरीन में अमेरिका के 8 सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है। रिवोल्यूशनरी फोर्स ने कहा कि यह हमला ईरान के ठिकानों पर अमेरिका की दूसरी बड़ी सैन्य कार्रवाई के जवाब में किया गया है। वहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि दोनों देशों के नेताओं ने हालिया हमलों को लेकर जिस तरह बयान दिए हैं और उन पर गर्व जताया है, वह अपने आप में अपराध स्वीकार करने जैसा है। उन्होंने कहा कि ईरान पर हुए हर हमले, हर मौत और हर नुकसान के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय अदालतों में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अनंत अंबानी ने तिरुपति बालाजी मंदिर में केश दान किए



**तिरुपति।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी ने रविवार सुबह तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की। अनंत शनिवार रात 1 बजे तिरुमाला पहुंचे थे। उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के चरणों में अपने केश समर्पित कर सदियों पुरानी परंपरा निभाई। अनंत ने सुबह करीब 3:30 बजे पवित्र सुप्रभात सेवा में हिस्सा लिया, जो भगवान के जागने की रस्म है। इसके बाद, मंदिर के पुजारियों ने उन्हें वैदिक आशीर्वाद दिया, जबकि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी ने उन्हें पवित्र स्मृति चिह्न और उपहार भेंट किया।

## शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार, सेंसेक्स 77,100 और निफ्टी

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 29 जून को फ्लैट कारोबार देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स 77,100 और निफ्टी 24,100 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। ऑटो, आईटी और मीडिया शेयर्स में ज्यादा बिकवाली है। वहीं मेटल और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी है। इससे पहले गुरुवार, 25 जून को बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 109 अंक की बढ़त के साथ 77,100 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 34 अंक की बढ़त रही, ये 24,056 पर बंद हुआ।

### नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन नौवें दिन भी जारी

# जंतर मंतर पर प्रदर्शन का नौवां दिन, भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सीजेपी का आंदोलन नौवें दिन भी जारी है। आज सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने से प्रदर्शन ने नया मोड़ ले लिया है।

दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का आंदोलन लगातार नौवें दिन भी जारी है। 20 जून से शुरू हुए इस प्रदर्शन में हर दिन नए घटनाक्रम सामने आए हैं। प्रदर्शन की अवधि खत्म होने के बाद भी धरना जारी रहा, पुलिस के साथ कई बार नोकझोंक हुई, सुविधाओं को लेकर आरोप लगे और अब सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। आइए जानते हैं कि इस आंदोलन की शुरूआत कैसे हुई और अब तक क्या क्या हुआ।

### अमायरा के परिवार ने जताया समर्थन

आंदोलन के दौरान नौ वर्षीय अमायरा का परिवार भी जंतर मंतर पहुंचा। परिवार प्रदर्शन कर रहे छात्रों के लिए भोजन लेकर आया। सीजेपी ने अमायरा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्कूल में कथित बुलिंग के बाद जान गंवाने वाली बच्ची के परिवार को अब तक न्याय नहीं मिला है और संगठन न्याय मिलने तक उनके साथ खड़ा रहेगा।

- **20 जून से जंतर मंतर पर शुरू हुआ प्रदर्शन-** दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद 20 जून को अभिजीत दीपके अपने समर्थकों के साथ जंतर मंतर पहुंचे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ। छात्र हाथों में पोस्टर और थाली चम्मच लेकर शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग करते नजर आए। शाम को निर्धारित अनुमति अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने प्रदर्शन खत्म करने को कहा, लेकिन अभिजीत दीपके ने साफ कर दिया कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक धरना जारी रहेगा।
- **बिजली पानी को लेकर बढ़ा विवाद-** आंदोलन के दौरान अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि कुछ समय के लिए धरनास्थल पर बिजली और पानी की आपूर्ति रोक दी गई थी। हालांकि बाद में दोनों सेवाएं बहाल कर दी गईं। इस घटना के बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया।

### नौवें दिन सोनम वांगचुक की एंट्री

आंदोलन के नौवें दिन पर्यावरण और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी जंतर मंतर पहुंचे। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले उन्होंने अभिजीत दीपके के साथ राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। उनके आंदोलन में शामिल होने के बाद प्रदर्शन स्थल पर भीड़ और समर्थन दोनों बढ़ गए। हरियाणा की खाप पंचायतों के प्रतिनिधि भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे।

### स्वच्छता सुविधाओं को लेकर दिल्ली पुलिस पर आरोप

सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल शुरू होने के बाद अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने धरनास्थल पर पानी और स्वच्छता संबंधी सुविधाएं बंद कर दी हैं। उनका कहना है कि पुलिस को वांगचुक की उम्र और स्वास्थ्य की जानकारी देने के बावजूद सहयोग नहीं किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि अन्य बुनियादी सुविधाएं भी बंद की जा सकती हैं। हालांकि इन आरोपों पर दिल्ली पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### ट्रांसमिशन लाइनों के रखरखाव के लिए बार-बार बिजली बंद करने की जरूरत धीरे-धीरे खत्म होती जाएगी

## अत्याधुनिक बेयर हैंड और हॉट लाइन मेंटेनेंस तकनीक को लागू

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



अब पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी ट्रांसमिशन लाइनों और बिजली उपकेंद्रों के रखरखाव के लिए बार-बार बिजली बंद करने की जरूरत धीरे-धीरे खत्म होती जाएगी। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने प्रदेश के एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) नेटवर्क के रखरखाव में अत्याधुनिक बेयर हैंड और हॉट लाइन मेंटेनेंस तकनीक को लागू कर दिया है।

इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि बिजली आपूर्ति चालू रहने के दौरान ही ट्रांसमिशन लाइनों की मरम्मत, इंसुलेटर बदलने और अन्य तकनीकी कार्य किए जा सकते हैं। इससे लाखों उपभोक्ताओं को अनावश्यक बिजली कटौती से राहत मिलेगी और प्रदेश का ट्रांसमिशन नेटवर्क पहले से अधिक भरोसेमंद बनेगा। एमपी ट्रांसको अब पारंपरिक मरम्मत प्रणाली से आगे बढ़कर आधुनिक, तकनीक आधारित रखरखाव मॉडल पर काम कर रहा है। कंपनी का फोकस केवल खराबी आने के बाद उसे ठीक करने तक सीमित नहीं है, बल्कि संभावित फॉल्ट की पहले ही पहचान कर उसे समय रहते दूर करना है। इसी रणनीति का परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कंपनी ने 99.47 प्रतिशत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता हासिल की, जो मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (एमपीईआरसी) द्वारा निर्धारित 98 प्रतिशत के मानक से भी अधिक है। नई तकनीक का एक बड़ा लाभ यह भी है कि ट्रांसमिशन लाइनों में कमजोर इंसुलेटर, कंडक्टर की खराबी, ढीले कनेक्शन या अन्य तकनीकी समस्याओं की समय रहते पहचान हो जाती है। इससे बड़ी तकनीकी खराबी आने से पहले ही सुधारात्मक कार्रवाई संभव हो जाती है।

### ऊंचे टावरों और दुर्गम क्षेत्रों की निगरानी

कंपनी हटाए गए इंसुलेटरों की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच कर उन्हें दोबारा उपयोग में भी ला रही है। इससे रखरखाव की लागत में कमी आने के साथ संसाधनों का बेहतर उपयोग भी सुनिश्चित हो रहा है। ट्रांसमिशन नेटवर्क की निगरानी के लिए एमपी ट्रांसको ने कई आधुनिक तकनीकों का उपयोग शुरू किया है। अब ड्रोन के जरिए ऊंचे टावरों और दुर्गम क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है, जबकि थर्मल इमेजिंग कैमरे उपकरणों के अधिक गर्म होने या संभावित खराबी का पहले ही संकेत दे देते हैं। इसके अलावा ऑफलाइन फॉल्ट लोकेटर कम सिग्नेचर एनालाइजर, पंक्चर इंसुलेटर डिटेक्टर और हाई वोल्टेज इंसुलेशन टेस्ट मशीन जैसी अत्याधुनिक मशीनों की मदद से उपकरणों की तकनीकी स्थिति का नियमित परीक्षण किया जा रहा है।

### पीआईएमआर इंदौर के छात्र ने रचा इतिहास

## राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चित्रांश ने जीता स्वर्ण पदक



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर और मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करते हुए प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (पीआईएमआर), इंदौर, डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र चित्रांश बाजपेयी ने हैदराबाद में आयोजित 48वीं पुरुष एवं महिला जूनियर तथा 27वीं बालक एवं बालिका सब-जूनियर राष्ट्रीय इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में +120 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है।

23 से 28 जून तक आयोजित इस प्रतिष्ठित छह दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों और संस्थानों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। चित्रांश की इस शानदार उपलब्धि ने उन्हें +120 किलोग्राम वर्ग में जूनियर राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग पदक जीतने वाले मध्यप्रदेश के पहले खिलाड़ी बनने का गौरव दिलाया है। अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चित्रांश ने इसका श्रेय अपने अथक परिश्रम, अनुशासित जीवनशैली तथा अपने प्रशिक्षकों, परिवार और पीआईएमआर द्वारा मिले निरंतर सहयोग को दिया।

## जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी जा रही सीआईएसएफ जवानों की बस पलटी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रियासी**

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को माता वैष्णो देवी मंदिर के ताराकोट मार्ग पर सीआईएसएफ जवानों को लेकर जा रही एक बस पलट गई। हादसे में 8 सीआईएसएफ जवान और बस चालक घायल हो गए। इनमें तीन जवानों की हालत गंभीर बताई गई है। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे के समय सीआईएसएफ के जवान ड्यूटी पूरी कर मंदिर क्षेत्र से अपने कैंप लौट रहे थे। इसी दौरान ताराकोट मार्ग पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

## महाकालेश्वर मंदिर एवं श्री महाकाल महालोक में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस का सफल आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के प्रथम दिवस श्री महाकालेश्वर मंदिर एवं श्री महाकाल महालोक में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाने का अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के मार्गदर्शन में मंदिर परिसर के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं, जिससे दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के बच्चों को सहजता से पोलियो की खुराक उपलब्ध कराई जा सके। अभियान के अंतर्गत त्रिवेणी द्वार, अन्न क्षेत्र, नीलकंठ द्वार (गेट क्रमांक-1) एवं शंख द्वार सहित विभिन्न स्थानों पर आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान के प्रथम दिवस लगभग 1,680 से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक प्रदान की गई।

### सिया के इशारे पर चेतन ने केतन को धक्का दिया

## पुलिस का दावा- केतन गिरते वक्त सिया को पकड़ न पाए, इसलिए बहाने से बैठ गई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे**

पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में पुलिस ने कई खुलासे किए है। पुलिस के मुताबिक, 18 जून को लोहगढ़ किले पर सिया गोयल ने पानी पीने या जूते का फीता बांधने के बहाने बैठकर चेतन चौधरी को इशारा दिया। इसके बाद पीछे चल रहे चेतन ने केतन को खाई में धक्का दे दिया।

पुलिस का कहना है कि चेतन गिरते वक्त सिया को पकड़ न सके, इसलिए वह बैठ गई थी। सिया और चेतन ने घटना से एक दिन पहले पुणे के लुल्लानगर में एक कैफे में मर्डर प्लान किया था। दोनों वारदात से पहले लोहगढ़ किले पर आए थे। यहां उन्होंने हत्या के लिए जगह चुनी और रिहर्सल भी की। पुलिस अब उस उस जगह का पता लगा रही है, जहां दोनों ने रिहर्सल किया था।

### चेतन टोल से बचने के लिए स्कूटर से 90 किमी पहुंचा

पुलिस के मुताबिक, चेतन पुणे से करीब 90 किलोमीटर दूर लोहगढ़ किले तक स्कूटर से पहुंचा था। उसने कार का इस्तेमाल नहीं किया ताकि टोल प्लाजा पर कार का रिकॉर्ड न बने। पुलिस ने वह स्कूटर जब्त कर लिया है। चेतन हूडी पहनकर किले पर चढ़ा था। वहां पहुंचने के बाद उसने हूडी उतार दी और काली टी-शर्ट में रहा। मर्डर के बाद लौटते समय उसने फिर हूडी पहन ली। घटना के बाद वह उसी स्कूटर से पुणे लौट गया।



### सिया के वकील बोले- पुलिस हिरासत में दिया बयान सबूत नहीं

सिया गोयल के वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस हिरासत में आरोपी का दिया बयान अदालत में सबूत नहीं माना जाता। उन्होंने कहा कि कोर्ट में यह सवाल उठाएंगे कि पहले इस मामले को हादसा क्यों माना गया और बाद में हत्या का केस कैसे बना। उनका कहना है कि पुलिस सिया से पूछताछ के लिए काफी समय ले चुकी है। अब उसे और पुलिस रिमांड में रखने की जरूरत नहीं है।

**पुणे मर्डर केस जुड़े अपडेट-** सिया गोयल और चेतन चौधरी ने गूगल पर लोहगढ़ किले के डेथ पॉइंट सर्च किए थे। वहां तक पहुंचने का रास्ता और खाइयों की भी जानकारी जुटाई थी। दोनों ने गूगल पर 'डेथ पॉइंट और जहर देकर कैसे मारें, ताकि पुलिस को शक न हो' जैसे सवाल सर्च किए। पुलिस ने शनिवार को सिया गोयल के माता-पिता से 12 घंटे पूछताछ की। इससे पहले गुरुवार को सिया के भाई से 10 घंटे तक पूछताछ की थी।

## ट्रक से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अमरावती**

महाराष्ट्र के अमरावती जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई।

हादसा रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे धामणगांव रेलवे सीमा के पास हुआ। चंद्रपुर निवासी परिवार अकोला में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। मृतकों की पहचान भास्कर जिवने, उनके बेटे और कार चालक रमेश जिवने, रमेश की पत्नी लता, बहू आरती तथा 10 साल की पोती तृषा के रूप में हुई है।



## खबर एक नजर...

### उज्जैन में 29 जून को होगा लोकगुंजन का आयोजन

उज्जैन। उज्जैन की सुप्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था प्रतिभा परख नाट्य मंच शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा एवं संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के सहयोग से 29 जून को सायं 7 बजे से कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन में भव्य सांस्कृतिक आयोजन लोकगुंजन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर की विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के कलाकारों द्वारा मालवी, राजस्थानी, मराठी एवं अन्य लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस अवसर पर प्रतिभा संगीत कला संस्थान, दिव्य नाद अकादमी, वीणा नृत्य नाट्य कला केंद्र एवं नृत्यांतर संगीत कला संस्थान अपनी प्रस्तुतियां देंगे। संस्थान के निदेशक एवं इस कार्यक्रम के संयोजक सुप्रसिद्ध रंगकर्मी पंकज आचार्य एवं सह-संयोजिका गार्गी आचार्य हैं। इस अवसर पर मालवा के सुप्रसिद्ध लोक नर्तक गिरधारी लाल गहलोत का विशेष सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्रीमती कृष्णा वर्मा, राजेश कुशवाहा, श्रीमती माया वदेका एवं गोविंद गंधे उपस्थित रहेंगे। संस्था ने समस्त कला प्रेमियों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### पोलियो की दवाई पिलाई



उज्जैन। पोलियो अभियान के तहत रविवार को इन्दिरा नगर में डा. प्रकाश जोशी के निवास पर 80 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। इस अवसर पर पार्षद दिलीप परमार, वन्दना बैरागी, आलिशा, श्रीमती लोदवाल, प्रभारी पोलियो अभियान जीवाजीगंज उपस्थित रही।

### कबीर प्राकट्य दिवस पर लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**उज्जैन।** कबीर प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार 29 जून को शहर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन द्वारा लगाया जाएगा। शिविर बहादुर गंज में 96 आर्य समाज मार्ग स्थित क्षिप्रा गैस एजेंसी के पास सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। संगठन ने सभी नागरिकों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

### सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल में बाल सैनिकों ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**उज्जैन।** सेंट पॉल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को नवचयनित बाल सैनिकों का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार खत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नवचयनित विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रति समर्पण, अनुशासन और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ ली। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी, विद्यालय के मैनेजर फादर जेकब निरप्पल, प्राचार्या सिस्टर विनीता और उपप्राचार्या सिस्टर रुबीना उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना नृत्य से हुई, जिसके बाद छात्रा पूर्वी शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया और बाल सैनिकों ने सधे हुए कदमों से मार्च पास्ट करते हुए सलामी दी। अपने उद्बोधन में डीईओ खत्री ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# उज्जैन में बौद्ध महिलाओं पर केंद्रित मार्गदर्शिका पुस्तक का विमोचन

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्रीलंका फाउंडेशन, विशाखा संघ व उज्जैन बुद्धिस्ट सोसायटी का संयुक्त आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रीलंका फाउंडेशन प्रोजेक्ट, विशाखा संघ दिल्ली और उज्जैन बुद्धिस्ट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में बौद्ध महिलाओं के लिए तैयार की गई एक विशेष मार्गदर्शिका पुस्तक का विमोचन किया गया। आयोजन के दौरान उपस्थित धम्म अनुयायियों ने समयसुत्त का सामूहिक पाठ भी किया। बिलासपुर के अनुत्ता प्रेस द्वारा प्रकाशित इस महत्वपूर्ण पुस्तक का विमोचन कंबोडिया के भिक्षु वथ विरक और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्जैन के डॉ. हरिबाबू कटारिया ने की, जबकि सुचारू संचालन डॉ. प्रेमराज खनखने ने किया।

इस मार्गदर्शिका में धम्मशास्त्र, इतिहास, पुरातत्व, मानवशास्त्र और नारीवाद में बौद्ध महिलाओं के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। पुस्तक में भिक्षु डॉ. सुमेध थेरो के लेख के साथ ही बौद्ध धर्म में जेंडर इक्वालिटी पर नागपुर के डॉ. एस.एम. वासनिक, मिगारमाता विशाखा पर हैदराबाद तेलंगाना के आनंद दुर्गे, भिक्खुनी सामावती के जीवन पर रायबरेली उत्तर




प्रदेश के भिक्षु जितेंद्र वर्धन थेरो के लेख शामिल हैं। वहीं राजसी जीवन से ज्ञानोदय तक खेमा की धम्म यात्रा पर दिल्ली की ममता सवाईमुल, सुधा खनखने, मीरा धोटे, संगीता वाईकर और अर्चना मेश्राम के लेख संकलित हैं।

श्रीलंका में धम्म प्रसार में महिंद के मिशन पर डॉ. प्रेमराज खनखने, प्राचीन व डिजिटल दुनिया में लालसा और भ्रांति विषय व सोशल मीडिया संस्कृति पर दिल्ली की चारुशीला खनखने, शुभांगी लोखंडे, कल्पना खैरकर और ममता डोंगरे के विचार पुस्तक का हिस्सा हैं।

### ऐतिहासिक और मनोवैज्ञानिक विषयों का तुलनात्मक अध्ययन

बोधगया से अनुराधापुर तक धम्म प्रसार में संघमित्रा की भूमिका पर दिल्ली की वनमाला पानतावणे, विशाखा और संघमित्रा की विरासत के ऐतिहासिक तुलनात्मक अध्ययन पर दिल्ली की शुभांगी सुरेश लोखंडे व सुरेश लोखंडे, थेरवाद बौद्ध धर्म में एक आदर्श उपासिका के रूप में विशाखा पर दिल्ली की सुधा खनखने व अदिति खनखने ने लेख लिखे हैं। आध्यात्मिक बराबरी के लिए महिलाओं के प्रयासों पर लखनऊ के डॉ. वसंत कुमार, आधुनिक मनोविज्ञान व धैर्य खंती द्वारा क्रोध प्रबंधन पर दिल्ली की चारुशीला खनखने, अदिति खनखने और ज्ञानेश्वरी के लेख भी संकलित हैं।

मध्य भारत में बुद्ध, बौद्ध नारियां और उज्जैन के विशेष संदर्भ पर डॉ. हरिबाबू कटारिया, धम्म चर्चा में अग्रणी धम्मदिन्ना पर दतिया मध्य प्रदेश की मंजू बौद्ध, डॉ. सुरेंद्र बौद्ध, इशिता बौद्ध और शेखर बौद्ध के शोध शामिल हैं। इसके अलावा श्रीलंका के जयवर्धनेपुरा से डब्ल्यू देहेमी मिहारा परेरा, प्रो. डॉ. वितरंदेनीये चंदासिरी थेरो के ऐतिहासिक अध्ययन, मेरठ के डॉ. आलोक कुमार वर्मा, गोकाराजू-रंगाराजू का समय प्रबंधन, और स्व. सत्यनारायण गोयनका की मंगलमयी गृही आचार-संहिता पर भी लेख शामिल हैं। पुस्तक में अनागामीफल दिवस, विदिशा देवी और अशोक की दूसरी पत्नी कौरवकी पर भी विशेष सामग्री है। इस भव्य आयोजन में कंबोडिया और अन्य स्थानों से आए भिक्षुओं व अतिथियों में वन्नैत चाट, चुन अनोत, मोर्म सेकोन, फोन दानेथ, और भंते सूर्या बौद्ध मुख्य रूप से उपस्थित थे।

देश भर से आए अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इनमें कल्पना आनंद, शुभांगी सरोदे, ललिता, ममता डोंगरे, मीरा मुकुंद धोटे, वनमाला आर. पानतावणे, कल्पना खैरकर, वंदना मड़के, रामभाऊ पानतावणे, राजेंद्र मड़के, डॉ. जय आनंद दुर्गे, अल्का विट्ठलराव गाडगे, सुदर्शना संजय सोंडावले, अर्चना, गोकर्णा भेले, सुधा पी. खनखने, रेशमा सी. ढवने, चारुशीला पी. खनखने, चंद्रशील, अदिति खनखने, रोहिणी दिल्ली से रामभक्त बौद्ध, अनिल बौद्ध, गढ़चिरौली से सुरेश जी. बारसागड़े, जोगपाल सिंह, शिव कुमार बौद्ध, सोमपाल सिंह, वेद प्रकाश गौतम, बालेश गौतम, प्रवीण बौद्ध, जगपाल सिंह और पुष्पा रानी गौतम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में परियोजना प्रभारी भिक्षु डॉ. सुमेध थेरो ने सभी अतिथियों, विद्वानों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## नीमच बास्केटबॉल कोच के निधन से म.प्र. बास्केटबॉल परिवार में शोक की लहर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

म.प्र. बास्केटबॉल टीम के कोच रहे नीमच के किशन पाल सिंह अचानक उनके निधन से म.प्र. बास्केटबॉल परिवार में शोक की लहर फैल गई। उज्जैन बास्केटबॉल के वरिष्ठ विजय बाली ने बताया कि बास्केटबॉल कोच किशन के अनुसार खिलाड़ियों खेल के प्रति कड़े अनुशासन, जुझारूपन, जीत के प्रति लक्ष्य, कड़ी मेहनत के साथ खिलाड़ी को तैयार किया जाता है। बीस, पच्चीस वर्ष पहले नीमच में बास्केटबॉल खेल को कोई पहचान नहीं थी, लेकिन कोच किशन के अथक प्रयास से ऐसे खिलाड़ी तैयार किए कि नीमच के खिलाड़ियों का बास्केटबॉल स्पधाओं में डंका बजने लगा। मैंने साक्षात देखा कि श्री किशन ने बास्केटबॉल खेल के प्रति ऐसी दीवानगी व पूरे सच्चे तन मन और धन से अपनी पूरी ऊर्जा अपना व्यवसाय भी छोड़ कर पूरा ध्यान खिलाड़ियों में दिया गया। इसी कारण आज नीमच के कई राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी के रूप में पहचाने जाते है। उन्होंने नीमच में कई बार खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें कई राज्यों के खिलाड़ियों बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उनके निधन पर म.प्र. बास्केटबॉल परिवार के सर्वश्री कुलविंदर सिंह गिल, सुनील हार्डिया, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच राजेश्वर राव, दिलीप पटेल, ऋतु शर्मा, सुनीता यादव, हर्षिता रॉय, रिया करड़वाल, ओम सारवान, विनोद शास्त्री आदि ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

# सीए और उनके परिजनों ने गिल्ली-डंडा व सितोलिया खेलकर मनाया स्पोर्ट्स डे

### 1 जुलाई को स्थापना दिवस से पूर्व हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आईसीएआई के आगामी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को उज्जैन सीए ब्रांच द्वारा स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उनके परिवारजनों और सीए विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान फाइलों और रिटर्न की उलझनों से दूर सीए सदस्यों ने मैदान में पारंपरिक खेलों का जमकर आनंद लिया।

उज्जैन सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए आशीष तोतला ने बताया कि 1 जुलाई को आईसीएआई का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया गया। इंडोर स्पोर्ट्स के तहत सीए ब्रांच परिसर में शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं हुईं। वहीं माधव क्लब में



आउटडोर स्पोर्ट्स के अंतर्गत कपल क्रिकेट, सितोलिया, गिल्ली-डंडा, रस्साकशी और बैडमिंटन जैसे पारंपरिक व मनोरंजक खेल खेले गए। सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने इसमें खेल भावना के साथ हिस्सा लिया।

सीए आशीष तोतला ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी का पेशा अत्यधिक जिम्मेदारी और मानसिक एकाग्रता वाला है, जिसमें ज्यादातर समय कार्यालय की डेस्क पर ही बीतता है। ऐसे में नियमित खेलकूद से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ ही मानसिक तनाव भी कम होता है। इन आयोजनों से सदस्यों के बीच आपसी तालमेल और पारिवारिक जुड़ाव भी मजबूत होता है। आयोजन के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं का उत्साहवर्धन किया गया।

## उज्जैन में संतों ने मनाया राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का जन्मोत्सव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के अध्यक्ष और बाबा मणिराम दास छावनी के पीठाधीश्वर अनंत विभूषित वैष्णव कुल भूषण संत शिरोमणि स्वामी महंत नृत्य गोपाल दास महाराज का जन्मोत्सव शहर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन हनुमान वाटिका आश्रम में हुआ, जहां उज्जैन के सभी प्रमुख वैष्णव संत और महात्मा एकत्रित हुए

समारोह के दौरान संतों ने भगवान की विशेष आरती की और महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर उनके दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम के आयोजक हनुमान वाटिका आश्रम के महंत राघवेंद्र दास ने समारोह में पधारे सभी संतों का स्वागत और सत्कार किया। जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर सभी संतों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में रामानंदीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास , महंत भगवान दास , महामंडलेश्वर स्वामी नरसिंह दास , महंत दिग्विजय दास , महंत रामचंद्र दास , महंत अनुपम राम रामस्नेही , महंत काशी दास , महंत हनुमान दास , महंत हरिहर दास , महंत परमेश्वर दास , महंत आनंद दास , महंत तुलसी दास और महंत मुनि शरण दास सहित शहर के विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में प्रतिभागियों ने लिया विरासत को संरक्षित करने का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में समग्र चेतना ग्रामोत्थान महिला कल्याण समिति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त तत्वाधान में व्यास नगर कम्युनिटी हॉल में संस्कार भारती रंगोली कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य पारंपरिक रेखाओं और चिन्हों के माध्यम से रंगोली कला को बढ़ावा देना तथा महिलाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना था। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने सहभागिता कर कला की बारीकियां सीखी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. राजश्री जोशी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन समय में दिन की शुरूआत सूर्योदय के साथ रंगोली बनाकर की जाती थी। भारतीय परम्परा में रंगोली को सुख समृद्धि और वैभव का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने संस्कार भारती रंगोली की विशेषताओं और उसके सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास करना भी था। अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष स्वाति फटाले और दीपा केवलिया ने किया।

इस अवसर पर अंजना मित्तल, रिदिमा शेषा, चित्रा मेहता, स्वाति देशपांडे, राजश्री पाठक, नव्या व्यास, भावना त्रिपाठी, मेघा व्यास, जया खेड़कर, माधुरी शुक्ला, याशिका बावरवाल, दिव्या चतुर्वेदी, तृप्ति अंकुशे विशेष रूप से उपास्थि रहे। अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने संस्कार भारती रंगोली के माध्यम से भारतीय संस्कृति विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। संस्था द्वारा समय-समय पर सभ्यता संस्कृति और सामाजिक जागरूकता से जुड़े ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह जानकारी संस्था सचिव सयाली फटाले ने दी। कार्यक्रम का संचालन शोभा पोपली ने किया। आभार कोकीला उपाध्याय ने माना।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस पर निकली विशाल वाहन रैली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस के अवसर पर उज्जैन महानगर इकाई द्वारा एक भव्य एवं विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में हिंदू समाज के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

रैली का शुभारंभ भारत माता के पूजन एवं वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ हुआ। इसके पश्चात वाहन रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली। पूरे मार्ग में कार्यकताओं ने राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक जागरण का संदेश दिया। विभिन्न स्थानों पर नागरिकों



ने रैली का स्वागत कर सहभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर संगठन के वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल राष्ट्रहित, समाज सेवा, गौ संरक्षण तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि संगठन के उद्देश्यों एवं दायित्वों को आगे बढ़ाने का संकल्प दिवस भी है। कार्यक्रम में मालवा प्रांत संगठन महामंत्री संजय यादव, मालवा प्रांत कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष आकाश माली, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद उज्जैन महानगर अध्यक्ष राजू यादव, जिला उपाध्यक्ष बहादुर सिंह पटेल, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री संतोष पाटीदार, हिंदू हेल्पलाइन जिला अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद कार्यकारिणी अध्यक्ष भरत बिलोनिया, राष्ट्रीय बजरंग दल महामंत्री दीपक बागवान, दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक चौधरी, नगर उपाध्यक्ष आशीष माली, चंदन माली, पप्पू माली, ऋतिक माली, अजय सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रैली में युवाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन संगठन की प्रार्थना तथा राष्ट्र की उन्नति, सामाजिक एकता एवं जनकल्याण के संकल्प के साथ हुआ। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद उज्जैन महानगर अध्यक्ष राजू यादव द्वारा प्रदान की गई।

### विक्रम वाटिका में रोपे गए 101 पौधे, प्रदेशभर में 11 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

# सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति का आयोजन, पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सर्वश्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति ने 'एक पेड़ एक परिवार' अभियान के तहत विक्रम वाटिका में 101 पौधों का निःशुल्क वितरण कर पौधारोपण किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नीम, पीपल, आम, जामुन, जामफल, तुलसी और बेलपत्र के पौधे बांटे गए। समिति सदस्यों ने नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

समिति के प्रदेश अध्यक्ष पं. मनोज रावत ने बताया कि संगठन द्वारा समूचे मध्य प्रदेश और उज्जैन में 11 हजार पौधों के निःशुल्क वितरण तथा पौधारोपण का महाअभियान चलाया जा रहा है।



बाबा महाकाल मंदिर से पौधा वितरण शुरू करने के बाद विक्रम वाटिका में सामूहिक पौधारोपण कर पर्यावरण सहेजने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि ज्योतिषाचार्य गिरजा शुक्ला ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प जरूर लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने 'पर्यावरण बचाना है, हमें पेड़ लगाना है' के नारे के साथ प्रदेशवासियों से पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर नवीन जैन, श्रवण शर्मा, वंदना जैन, बालकृष्ण शर्मा, रत्ना शर्मा, चेतना उपाध्याय, अनामिका सिकरवार, सरिता हाडा, उर्वशी शर्मा, मधु देवड़ा, आरती जाधव, सुनीता अखंड, मधु जैन, सुदर्शन व्यास, आशीष सोमानी, आदित्य भट्ट, पंकज सिंह और मुकेश रायकवार समेत संगठन के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त हुए शैलेंद्र व्यास, लिया देह और नेत्रदान का संकल्प

**उज्जैन।** शिक्षा जगत में 39 वर्षों तक सेवाएं देने वाले, राष्ट्रपति और राज्यपाल से अलंकृत शिक्षक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके सेवानिवृत्त हो गए हैं। अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्होंने समाज के लिए अनुकरणीय मिसाल पेश करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से देहदान और नेत्रदान का संकल्प लिया है। उन्होंने गीता भवन न्यास बड़नगर को नेत्रदान और आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज को देहदान करने का प्रामाणिक दस्तावेज भी प्राप्त कर लिया है।

# 'जो न पहुंचे हम तक, हम पहुंचे उन तक' की तर्ज पर 16 हजार बच्चों को पिलाई दवा

### घटिया तहसील में पहले ही दिन 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल, शेष बच्चों को अगले दो दिन में पिलाई जाएगी खुराक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिले की सभी तहसीलों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 28 तारीख को घटिया तहसील में 16,857 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। घटिया तहसील का कुल लक्ष्य 20,992 है, जिसका 80 प्रतिशत स्वास्थ्य विभाग ने अथक प्रयासों से हासिल कर लिया है। शेष 20 प्रतिशत बच्चों को आगामी दो दिनों में दवा पिलाई जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 'जो न पहुंचे हम तक, हम पहुंचे उन तक' के ध्येय को चरितार्थ करते हुए घर-घर जाकर दस्तक दी। इसके अलावा ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, घुमक्कड़ आबादी वाले क्षेत्रों, आवागमन के मुख्य मार्गों और मेलों जैसे विशेष स्थानों पर पहुंचकर भी बच्चों को दवा पिलाई गई। अभियान को सफल बनाने के लिए ब्लॉक में कुल 210 टीमें मैदान में हैं। इनमें 114 बी-टीम, 90 सी-टीम, 3 मोबाइल टीम और



4 ट्रांजिट टीम शामिल हैं। साथ ही 21 सुपरवाइजर और 14 सपोर्टिंग स्टाफ सहित कुल 458 सदस्य पोलियो बूथों पर पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं। इस महाभियान की सतत निगरानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर.के. पाल द्वारा की जा रही है। अभियान के सफल क्रियान्वयन में विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. अनुज सालिया, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. राघव वर्मा, बीईई श्री महेश परमार, बीपीएम श्रीमती वंदना नवरात्रि, बीसीएम श्रीमती संगीता शर्मा, फोकल प्वाइंट इंचार्ज घटिया श्री अर्जुन गुर्जर, पान विहार फोकल प्वाइंट श्री सत्येंद्र राणा, रुई फोकल प्वाइंट श्री संजय पुरिया और घटिया ब्लॉक पल्स पोलियो नोडल एस.पी. अहिरवार की विशेष भूमिका रही।

उज्जैन
सोमवार
29
जून, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

मा कुरु धनजनयौवनगर्वं, हरति निमेषात्कालः सर्वं।
मायामयमिदमखिलम् हित्वा, ब्रह्मपदम् त्वं प्रविश विदित्वा॥

**अर्थः** धन, शक्ति और यौवन पर गर्व मत करो, समय क्षण भर में इनको नष्ट कर देता है इस विश्व को माया से घिरा हुआ जान कर तुम ब्रह्म पद में प्रवेश करो।

## खबर एक नजर...

### 30 खउड़ लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंचे 600 जवान

**इंदौर।** खंडवा में वन, राजस्व और पुलिस विभाग के 600 कर्मचारी गुड़ी रेंज के आमाखुजरी जंगल में अतिक्रमण हटाने पहुंचे हैं। सुबह 7 बजे से ही अमला 30 जेसीबी मशीनों के साथ कार्रवाई में जुटा है। इससे पहले रविवार को जंगल में बुआई रोकने गए 40 वनरक्षकों की टीम पर अतिक्रमणकारियों ने पथराव कर दिया था। इसमें 8 जवान घायल हो गए थे। इसके बाद अधिकारियों ने साझा रणनीति बनाकर जंगल में दबिश दी है। एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर के नेतृत्व में जंगल के अलग-अलग हिस्सों में जवानों को तैनात किया गया है। डीएफओ राकेश कुमार डामोर भी मौके पर हैं। बता दें कि वन विभाग ने इसी साल आमाखुजरी जंगल में 500 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाकर सुरक्षा के लिए बड़े-बड़े गड्ढे यानी कंटूर खोदे थे। इसके बावजूद करीब 200 एकड़ जमीन पर दोबारा कब्जा कर लिया गया है।

### पिकनिक मनाने गए थे, पानी बढ़ने से फंस गए

**इंदौर।** चोरल नदी में रविवार शाम करीब 6 बजे बड़वाह से 5 किमी दूर सिद्धवरकूट रोड पर चौड़ापाट के पास बड़ा हादसा टल गया। यहां पिकनिक मनाने आए युवक चोरल नदी के बीच में बैठे हुए थे। लगातार चोरल इलाके में बारिश होने से नदी अचानक पानी बढ़ जाने से तीनों युवक बीच नदी में फंस गए। उनकी किस्मत अच्छी रही थी कि लोगों ने उन्हें देख लिया। फिर स्थानीय युवाओं ने बेल्ट-रुमाल के सहारे रेस्क्यू कर उनकी जान बचाई। यदि कुछ देरी हो जाती तो वे बह जाते। जानकारी के अनुसार तीनों युवक इंदौर के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले थे। इसमें से एक का नाम राहुल निवासी आजाद नगर आया है। वे यहां पार्टी मनाने आए थे, लेकिन तभी अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया। गनीमत रही कि वहां से गुजर रहे स्थानीय युवाओं ने समझदारी दिखाई और अपनी जान पर खेलकर तीनों को सही-सलामत बाहर निकाल लिया। चोरल में अचानक बढ़ा पानी घटना को अपनी आंखों से देखने वाले शिव मुवेल और अनिल केवट ने बताया कि वे शाम को चौड़ापाट से गुजर रहे थे, तभी उन्हें नदी की तरफ से बचाओ-बचाओ की आवाजें सुनाई दीं। जब उन्होंने रुककर देखा तो तीन युवक पानी के तेज बहाव के बीच फंसे हुए थे और चिल्ला रहे थे। उनकी आवाज सुनकर सड़क से गुजर रहे दूसरे राहगीर भी वहां रुक गए।

### इंदौर में ई रिक्शा ने बुजुर्ग को मारी टक्कर,मौत

**इंदौर।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से 68 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें ई-रिक्शा चालक ओवरटेक करने के प्रयास में बुजुर्ग को टक्कर मारकर मौके से फरार होता दिखाई दे रहा है। पुलिस आरोपी चालक और ई-रिक्शा की तलाश कर रही है। पंढरीनाथ थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राजकुमार पुत्र ईश्वर दास (68), निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है। वे पंढरीनाथ क्षेत्र में चाय की होटल संचालित करते थे। घटना के समय वह चाय देकर वापस लौट रहे थे, तभी तेज गति से आए ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि ई-रिक्शा चालक आगे चल रहे एक अन्य रिक्शा को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान उसने सड़क पर जा रहे राजकुमार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल राजकुमार को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार ई-रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### कलेक्टर ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**इंदौर।** बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। शासकीय पॉलीक्लिनिक हुकुमचंद में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि इंदौर अपने बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को लेकर पूरी तरह जागरूक है। अभियान के तहत जिले में शून्य से पांच वर्ष तक की आयु के पांच लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले दिन विभिन्न बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि छूटे हुए बच्चों तक पहुंचने के लिए अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस कार्य के लिए 3,600 से अधिक बूथ एवं मोबाइल टीमें और 8 हजार से ज्यादा कर्मचारी और स्वास्थ्यकर्मी तैनात किए गए हैं। विशेष ध्यान प्रवासी परिवारों, मलिन बस्तियों, निर्माण स्थलों और घुमंतु समुदायों के बच्चों पर रहेगा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य ट्रांजिट स्थलों पर भी विशेष बूथ स्थापित किए गए हैं। कार्यक्रम के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण किया। उन्होंने रैबीज टीकाकरण केंद्र, नियमित टीकाकरण केंद्र और डायलिसिस यूनिट का अवलोकन कर स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन को लेकर अधिकारियों से चर्चा की और भविष्य की योजनाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

टूटी रेलिंग अब भी जस की तस, सिर्फ सीमेंट के पिलर लगाकर छोड़ा, व्यापारियों ने उठाए सवाल

# पटेल ब्रिज हादसे के दो हफ्ते बाद भी मरम्मत नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





सियागंज स्थित पटेल ब्रिज पर हुए हादसे को दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन प्रशासन अब तक पुल की स्थायी मरम्मत शुरू नहीं कर पाया है। मध्यप्रदेश के सबसे बड़े किराना व्यापारिक केंद्र सियागंज में स्थित इस पुल की टूटी रेलिंग और अधूरी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने केवल औपचारिकता निभाते हुए कुछ सीमेंट के पिलर लगा दिए, जबकि क्षतिग्रस्त रेलिंग, लोहे की जालियां और मलबा अब भी मौके पर पड़ा हुआ है।

**टैंकर ने तोड़ी थी पुल की रेलिंग-** करीब दो सप्ताह पहले पानी से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पटेल ब्रिज पर कई वाहनों को टक्कर मारते हुए रेलिंग तोड़कर जा घुसा था। हादसे का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था, जिसमें दुर्घटना की भयावहता साफ दिखाई दी थी। गनीमत रही कि टैंकर पुल से नीचे नहीं गिरा, वरना नीचे मौजूद दुकानों और व्यस्त गली में बड़ी जनहानि हो सकती थी।

**सिर्फ अस्थायी इंतजाम, स्थायी मरम्मत नहीं-** हादसे के बाद प्रशासन ने क्षतिग्रस्त हिस्से को घेरने के लिए कुछ सीमेंट के पिलर लगा दिए, लेकिन टूटी रेलिंग और अन्य सुरक्षा संरचनाओं की मरम्मत अब तक नहीं कराई गई। क्षतिग्रस्त लोहे की जालियां और मलबा भी मौके पर ही पड़ा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है।

**व्यापारियों ने जताई चिंता-** सियागंज के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से रोज हजारों लोग और वाहन गुजरते हैं। ऐसे में पुल की मौजूदा स्थिति किसी भी समय नए हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द स्थायी मरम्मत कराने और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

**पहले भी हो चुके हैं हादसे**

स्थानीय लोगों के मुताबिक यह पुल पहले भी कई हादसों का गवाह बन चुका है। इससे पहले एक कार भी पुल से नीचे गिर चुकी है। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। लगातार दुर्घटनाओं के बाद भी पुल की सुरक्षा की अनदेखी पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

**प्रशासन पर उठ रहे सवाल**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुल की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या प्रशासन किसी और दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।

हमले के दो दिन बाद पुलिस कमिश्नर ने लगाई थी फटकार, तब दर्ज की गई एफआईआर

# पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले 4 गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



कनाड़िया थाना क्षेत्र की डायमंड कॉलोनी में ड्यूटी के दौरान दो पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद घटना में उपयोग किए गए हथियार भी जब्त कर लिए गए हैं। पुलिस अब आरोपियों को रिमांड पर लेकर मामले में आगे की पूछताछ करेगी।

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक, 22 जून 2026 की रात डायमंड कॉलोनी में आरक्षक विजयपाल सिकरवार और आशीष शर्मा के साथ मारपीट की गई थी। कनाड़िया थाने में शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट का अपराध दर्ज किया गया। इस मामले में चार आरोपी ग्राम बकनेर, तहसील मनावर, जिला धार निवासी मोहसिन पिता मुश्ताक अली, सम्राट नगर, सिरपुर, धार रोड निवासी मोहम्मद अफजल शेख पिता मोहम्मद लियाकत, ब्रिज विहार कॉलोनी, नर्मदा कॉन्वेंट स्कूल के पास, बड़वानी निवासी दर्शन पिता राधेश्याम तथा कोली मोहल्ला, ठीकरी, जिला बड़वानी निवासी चंदन पिता सुरेश वर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पुलिसकर्मियों पर हमला करने की बात कबूल की है।

**कमिश्नर की फटकार के बाद हुई थी एफआईआर**

जानकारी के मुताबिक, हमले की रात पहले दोनों सिपाही नोबल अस्पताल में उपचार कराने पहुंचे थे। इसके बाद दोनों को डीएनएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां विजयपाल को 8 और आशीष को 18 टांके आए थे। करीब 24 घंटे से अधिक समय तक कनाड़िया पुलिस ने मामले को दबाकर रखा। हालांकि, सोशल मीडिया पर संदेश वायरल होने के बाद कमिश्नर संतोष सिंह ने टीआई यादव को फटकार लगाई। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर मामले में आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

# यशवंत क्लब के चुनाव में टीम हैप्पी वायसी की जीत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के प्रतिष्ठित यशवंत क्लब के चुनाव में रविवार को टीम हैप्पी वायसी ने जीत कराई है। टीम के जितेंद्र जैन प्रेसिडेंट और विजय कस्तूरी सेक्रेटरी चुने गए। सहसचिव भी इसी पैनल के तेजवीर जुनेजा और कोषाध्यक्ष रूपल एम पारेख चुने गए हैं।

क्लब के 5,124 सदस्य हैं। इन्होंने नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों के चयन को मतदान किया था। अध्यक्ष पद के लिए इस बार परमजीत सिंह (पम्मी) छाबड़ा और जितेंद्र जीतू जैन के बीच सीधा मुकाबला था। मतदान रविवार सुबह 9:30 बजे से शाम 4 बजे तक चला। इसके बाद मतगणना की गई और रात में परिणाम भी घोषित कर दिए गए। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए क्लब परिसर में चार मतदान केंद्र बनाए गए थे। मतदाताओं को मतदान के लिए दो अलग-अलग बैलेट पेपर दिए गए। एक बैलेट पेपर कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के लिए था। जबकि दूसरा अध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष सहित चार पदाधिकारियों के चयन के लिए रहा।

# फूटी कोठी मकान में लगी आग

## पांच लोग थे अंदर, समय रहते पांच को बाहर निकाला, मेयर भी पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर के फूटी कोठी चौराहे के पास स्थित एक मकान में रविवार रात अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी मौके पर पहुंच गए।

फायर ब्रिगेड के अनुसार रात करीब 9:15 बजे फूटी कोठी स्थित शराब दुकान के पास एक मकान में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

जानकारी के मुताबिक आग लगने के समय मकान में पांच लोग मौजूद थे। ये सभी कर्मचारी थे जो बैटरियों का काम करते थे। इन सभी को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग की वजह से इलाके में कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

घटना की सूचना मिलते ही महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद वे वहां से रवाना हो गए।

मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि आग की शुरूआत नीचे रखी बैटरियों से हुई है। यहां पर मकान में किस तरह की बैटरियां रखी थी। इसकी जांच के आदेश संबंधित निगम अधिकारियों को दिए हैं। उन्होने बताया कि आग में बिल्डिंग में करीब पांच लोग फंस गए थे। सभी को दूसरी बिल्डिंग की छत से बाहर निकालकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम लेकर आई है। आग में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

इंदौर में बसों में तोड़फोड़ करने वाले पकड़ाए

# 5 दिनों तक बसों में की थी वारदात, आरोपियों को जेल भेजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर-भोपाल रूट पर संचालित निजी बसों के बीच पिछले कई दिनों से टाइमिंग और सवारी बैठाने को लेकर चल रहे विवाद में बसों में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने की।

पुलिस के अनुसार, पिछले चार-पांच दिनों से चौहान बस सर्विस और शारदा ट्रेवल्स के कर्मचारियों के बीच यात्रियों को बैठाने और बसों के संचालन समय को लेकर लगातार विवाद हो रहा था। इसी रंजिश में दोनों पक्षों के कर्मचारियों ने एक-दूसरे की बसों में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया था।

घटनाओं के बाद भंवरकुआं और छोटी ग्वालटोली थानों में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त ने एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह के नेतृत्व में दोनों थानों की संयुक्त टीम गठित की। जांच और पूछताछ के बाद पुलिस ने बसों में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर वारदात की पुष्टि भी कराई गई। इसके बाद सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी-** निरंजनपुर निवासी ललित (32) पिता गोपाल। मसीहा रोड निवासी राजा सिसोदिया (40) पिता रमेश। सिद्धीपुरम कॉलोनी, अन्नपूर्णा रोड निवासी राहुल उर्फ देवा (48) पिता प्रकाशचंद नायक। बृजेश्वरी अंकित विला, बंगाली चौराहा निवासी नीरज कुशवाहा (35) पिता जनते कुशवाहा।

**बस संचालकों को दी सख्त चेतावनी**

पुलिस ने दोनों बस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने परमिट में निर्धारित समय के अनुसार ही बसों का संचालन करें। साथ ही भविष्य में इस तरह का विवाद होने या कानून-व्यवस्था भंग करने की स्थिति बनने पर संबंधित बसों के परमिट निरस्त करने सहित कड़ी वैधानिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई है।

साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने किया

# पैदल ऑफ सैफ्टी, पैदल फोर अवेयरनेस थीम पर साइक्लोथॉन का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को पैदल ऑफ सैफ्टी, पैदल फोर अवेयरनेस थीम पर साइक्लोथॉन का आयोजन किया।

मध्यप्रदेश पुलिस के सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर 70 वर्षीय वरिष्ठ नागरिकों तक ने उत्साह के साथ भाग लिया और सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन का संदेश दिया।

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित साइक्लोथॉन का उद्देश्य नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आर.के. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

वहीं पुलिस उपायुक्त (अपराध) राजेश त्रिपाठी, डीसीपी जोन-3 अभिषेक रंजन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मीना चौहान, विभिन्न एसीपी, थाना प्रभारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

साइक्लोथॉन में शहर के युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजन की खास बात यह रही कि छोटे बच्चों से लेकर करीब 70 वर्ष की आयु के वरिष्ठ नागरिक भी पूरे उत्साह के साथ साइकिल रैली में शामिल हुए और साइबर सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

रैली शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों ने जुम्बा सेशन में हिस्सा लेकर वार्म-अप किया। इसके बाद साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने और अन्य साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने का संदेश दिया गया। इंदौर पुलिस ने बताया कि सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत आगे भी शहरभर में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नागरिक साइबर अपराधों से बचाव के प्रति अधिक जागरूक और सतर्क बन सकें।

# भोपाल के कलियासोत डैम में डूबने से नाबालिग की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

राजधानी के चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित कलियासोत डैम में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 17 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई।

मृतक अपने तीन दोस्तों के साथ घूमने और फोटो खिंचवाने डैम पहुंचा था। प्रतिबंधित क्षेत्र में पानी के भीतर फोटो खिंचवाते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में समा गया। करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद गोताखोरों ने उसका शव बाहर निकाला।



पुलिस के अनुसार, जाटखेड़ी (मिसरोद) निवासी अंगद दांडे (17) पुत्र संतोष दांडे रविवार को अपने तीन दोस्तों के साथ कलियासोत डैम गया था। सभी दोस्त पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर ढलान वाले हिस्से में पानी में उतरकर फोटो खिंचवा रहे थे। शुरूआती हिस्से में पानी घुटनों तक था, लेकिन कुछ कदम आगे ही गहराई अधिक होने के कारण अंगद संतुलन खो बैठा और डूब गया। उसे और उसके साथ मौजूद किसी भी दोस्त को तैरना नहीं आता था।

घटना के बाद दोस्तों ने शोर मचाया, लेकिन आसपास कोई मदद के लिए नहीं था। इसके बाद वे पास स्थित पुलिस चौकी पहुंचे और सूचना दी। पुलिस ने तत्काल गोताखोरों को बुलाया। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद किशोर का शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस ने बताया कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां मगरमच्छों की मौजूदगी और गहरे पानी को लेकर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। साथ ही नगरीय प्रशासन की मदद से फेंसिंग और स्टॉपर भी लगाए गए हैं। इसके बावजूद लोग सुरक्षा इंतजामों को नजरअंदाज कर रास्ता बनाकर डैम तक पहुंच जाते हैं, जिससे लगातार हादसों का खतरा बना रहता है। कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र के धोली खदान के पास पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन वर्षीय मासूम देविका की रविवार दोपहर मौत हो गई। उसके पिता राज रैकवार ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे थे, जबकि बच्ची घर के पास खेल रही थी।

खेलते-खेलते वह तीन से चार फीट गहरे पानी के गड्ढे में गिर गई। काफी देर तक नजर नहीं आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की और उसे गड्ढे से निकालकर निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सात दिन से लापता नाबालिग चित्रकूट में मिली

## दो महीने पहले भी घर से गायब हुई थी छात्रा, वन स्टॉप सेंटर भेजी

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर

ग्वालियर में सात दिन पहले महाराजपुरा से लापता हुई 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को पुलिस ने बरामद कर लिया है। नाबालिग दो महीने पहले अप्रैल 2026 में भी लापता हो गई थी, तब पुलिस ने चित्रकूट से उसे बरामद किया था। इस बार भी पुलिस ने बिना देर किए उउळश कैमरे खंगाले और रूट मैपिंग कर नाबालिग को ट्रैस कर बरामद किया है। नाबालिग ने घर जाने से इनकार कर दिया है, जि?स पर उसे वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है।



महाराजपुरा थाना पुलिस बताया कि 21 जून को शताब्दीपुरम में रहने वाली एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा अपने घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजन ने अपने स्तर पर तलाश करने के बाद महाराजपुरा थाना पुलिस को मामले की सूचना दी।

लापता नाबालिग मूल रूप से भिंड की रहने वाली है, लेकिन पढ़ाई के लिए अभी महाराजपुरा इलाके में रह रहे थे। मामला नाबालिग बच्ची के लापता होने से जुड़ा था, इसलिए सीएसपी महाराजपुरा नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक यशवंत गोयल ने तत्कासल एक सर्च टीम का गठन किया।

पुलिस टीम ने शताब्दीपुरम और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, कुछ संदेहियों को राउंडअप कर पूछताछ की और अपने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया। पुलिस की इस चौतरफा घेराबंदी और त्वरित कार्रवाई के चलते रविवार शाम को पुलिस ने रूट मैपिंग कर छात्रा का पता लगाया और उसे शहर के पास से ही बरामद कर लिया है। पुलिस छात्रा को बरामद कर लाई, लेकिन उसने घर जाने से मना कर दिया है। जिस कारण फिलहाल उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है।

### अप्रैल माह में चित्रकूट से बरामद की थी नाबालिग

पुलिस जांच और काउंसलिंग के दौरान इस बालिका से जुड़ा एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया। थाना पुलिस के रिकॉर्ड के मुताबिक, यह नाबालिग पहले भी घर से बिना बताए भाग चुकी है। 1 अप्रैल 2026 को भी यह बालिका अचानक घर से लापता हो गई थी। तब महाराजपुरा पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) से सकुशल दस्तयाब कर माता-पिता के सुपुर्द किया था।

### महाराजपुरा थाना प्रभारी यशवंत गोयल ने बताया-

सात दिन पहले एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा लापता हो गई थी। मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए हमारी टीम ने सबसे पहले सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से रूट मैपिंग की और पता लगाया कि नाबालिग किस ओर गई है। इसके बाद एक्शन लेकर बालिका को बरामद किया है। प्रॉपर काउंसलिंग के लिए उसे अभी वन स्टॉप सेंटर में रखा है।

# कारोबारी की कनपटी पर बंदूक सटाकर 9 लाख की डकैती

ब्रह्मास्त्र ›› बालाघाट

मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में रविवार रात हथियारबंद बदमाशों ने सराफा व्यापारी की कनपटी पर बंदूक सटाकर 9 लाख की डकैती की। विरोध करने पर फायरिंग भी की। सिर पर लाठियों से 7-8 बार वार किए। व्यापारी के जमीन पर गिरते ही बदमाश सोने-चांदी के जेवरों से भरे लेकर भाग गए।

लांजी पुलिस के मुताबिक, वारदात लांजी-आमगांव मार्ग की है। घायल व्यापारी की पहचान कामना ज्वेलर्स के संचालक कपिल आसटकर के रूप में हुई है। वारदात रविवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच उस समय हुई, जब वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। पीड़ित कपिल आसटकर ने बताया- वह रोजाना की तरह अपनी सराफा दुकान बंद करने के बाद सोने-चांदी के कीमती जेवर दो थैलों में रखकर बाइक से घर लौट रहे थे। उनकी दुकान पुराने पंचायत दफ्तर के पास स्थित एक कॉम्प्लेक्स में है, जबकि घर वहां से करीब 700 मीटर दूर कलार समाज के मंगल भवन के पास है। जैसे ही वह घर के पास एक मोड़ से गली की ओर मुड़े, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए करीब 8 बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने कपिल आसटकर से जेवरों से भरे दोनों थैले छीनने की कोशिश की।

# 3 साल की जुड़वां बहनों ने रचा इतिहास:बनीं दुनिया की सबसे कम उम्र की फीमेल ड्रमर

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

जिस उम्र में बच्चे ठीक से पेंसिल पकड़ना सीखते हैं, उस उम्र में भोपाल की जुड़वां बहनें सान्वी नाहर और समन्वी नाहर ड्रम सेट पर अपनी थाप से विश्व रिकॉर्ड बना रही हैं।

महज 3 वर्ष 9 माह की उम्र में दोनों बहनों ने 'यंगेस्ट फीमेल ड्रमर' का खिताब हासिल कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन (यूके) में अपना नाम दर्ज कराया है। इस उपलब्धि के लिए दोनों को ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमंस में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। सान्वी और समन्वी ने 21 मार्च 2026 को ड्रम सेट पर एक निर्धारित ट्रैक को 1 मिनट 20 सेकंड में सफलतापूर्वक पूरा कर यह रिकॉर्ड बनाया। रिकॉर्ड बनने के बाद संस्था ने उन्हें प्रमाण-पत्र, मेडल और ट्रॉफी प्रदान की। उनकी उपलब्धि को संस्था के आधिकारिक प्रकाशनों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी दर्ज किया गया है। बच्चियों की मां डॉ. निकिता नाहर ने बताया कि ड्रमिंग बेहद जटिल वाद्य यंत्र है, जिसे सामान्यतः पांच वर्ष की आयु के बाद ही सिखाया जाता है। नियमित अभ्यास के दम पर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने कहा कि दोनों बच्चियों ने 1 मिनट 20 सेकंड तक लगातार ड्रम पर प्रस्तुति देकर 'यंगेस्ट फीमेल ड्रमर' का विश्व रिकॉर्ड बनाया। डॉ. नाहर ने बताया कि यह पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है कि उनकी बेटियों को ब्रिटेन की संसद के हाउस ऑफ कॉमंस में आयोजित समारोह में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा सम्मानित किया गया। उनका मानना है कि बच्चों की रुचि को सही समय पर पहचानकर उचित मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन दिया जाए तो वे छोटी उम्र में भी असंभव लगने वाली उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

# ग्वालियर के नारायण विहार में चला बुलडोजर

## 74 मकानों से हटाया अतिक्रमण; 3 जेसीबी और एक पोकलेन मशीन से की कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर

ग्वालियर में रविवार को जिला प्रशासन ने नारायण विहार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त दल ने सड़क पर बने लगभग 74 मकानों को खाली कराकर अतिक्रमण हटाया। कई घंटों तक चली इस कार्रवाई के बाद पूरे मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया।

कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल और नगर निगम का अमला मौके पर मौजूद रहा। संयुक्त दल में सीएसपी अतुल सोनी, चार तहसीलदारों सहित राजस्व विभाग का अमला, थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव, नगर निगम के मदाखलत दस्ते के प्रभारी तथा जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी शामिल रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।



एसडीएम नरेंद्र बाबू यादव ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुबह 11 बजे शुरू हुई, जो शाम 7 बजे तक लगातार जारी रही। अभियान के दौरान तीन जेसीबी मशीनों और एक पोकलेन मशीन की सहायता से सड़क पर बने अवैध निमार्णों को हटाया गया। कार्रवाई से पहले संबंधित मकानों को खाली कराया गया, जिसके बाद मशीनों के जरिए अतिक्रमण हटाकर सड़क को पूरी तरह साफ किया गया। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुरूप की गई है। पूरे अभियान के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए ताकि कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने और सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

# ग्वालियर-चंबल में 5 साल में 128 बेटियों की मौत

## शादी के बाद सौदेबाजी, कार की चाहत; इंस्टाग्राम क्वीन पलक, निशा को भी गंवानी पड़ी जान

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर

मध्य प्रदेश का ग्वालियर-चंबल अंचल हमेशा से दहेज प्रताड़ना और दहेज हत्या के मामलों के लिए सुर्खियों में रहता है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में यहां आंकड़ों में कमी आई है, लेकिन हालात अभी भी काफी खराब हैं।

भोपाल की ट्विशा की तरह ग्वालियर की बेटियां (बहुएं) भी शादी के बाद सौदेबाजी और दहेज की भेंट चढ़ गईं। यहां इंस्टाग्राम गर्ल पलक रजक, थाटीपुर की निशा और कंपू की प्रीति के साथ ही कई मामले सामने आए हैं। इनमें शादी के तत्काल बाद ही दहेज की मांग को लेकर परेशान किया जाने लगा। इससे परेशान होकर उन्होंने खुदकुशी जैसा कदम उठा लिया या उनकी हत्या कर दी गई। ग्वालियर जिले में पिछले 5 वर्षों के भीतर 128 से अधिक बेटियां ससुराल पक्ष के लालच और क्रूरता की भेंट चढ़ चुकी हैं। ये वे बेटियां थीं, जिनके हाथों की मेहंदी का रंग अभी ठीक से छूटा भी नहीं था कि उन्हें कार, नकदी और सोने-चांदी के जेवरों के लिए या तो मौत के घाट उतार दिया गया। या फिर इस




कदर प्रताड़ित किया गया कि वे खुदकुशी करने पर मजबूर हो गईं।

ग्वालियर में पिछले पांच वर्षों में पुलिस विभाग में दर्ज मामलों की बात करें तो 2800 बहुएं-बेटियां शारीरिक, मानसिक व दहेज प्रताड़ना की शिकार हुई हैं, जबकि वर्ष 2021 से 2025 के बीच 128 बहुओं व बेटियों की मौत हुई है। मतलब हर माह लगभग 50 बहुएं दहेज प्रताड़ना व घरेलू हिंसा की शिकार हो रही हैं। इसके साथ ही हर माह 2 से 3 बहुएं दहेज हत्या की शिकार हो रही हैं।

ग्वालियर के थाटीपुर निवासी 26 वर्षीय गर्भवती महिला निशा राठौर की 24 जून 2026 को इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से पहले रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में उसने अपने पति गजेंद्र राठौर पर दहेज के लिए मारपीट, प्रताड़ित करने और जबरन तेजाब पिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस वीडियो, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। 22 जून को थाटीपुर थाना क्षेत्र की न्यू मेहरा कॉलोनी निवासी निशा राठौर को गंभीर हालत में जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 24 जून की शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### इंस्टाग्राम क्वीन पलक को कार के लिए किया प्रताड़ित

ग्वालियर के सुरैयापुरा में रहने वाली इंस्टाग्राम क्वीन पलक रजक की 12 मई 2026 को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है। मौत से महज 30 मिनट पहले पलक ने अपने भाई प्रिंस को फोन कर जान बचाने की गुहार लगाई थी। पलक ने कहा था, 'मुझे ले जाओ, वरना ये मुझे मार डालेंगे।' जब भाई अस्पताल पहुंचा, तब उसकी बहन का शव स्ट्रेचर पर पड़ा था। 21 वर्षीय पलक के सोशल मीडिया पर 10 हजार से अधिक फॉलोअर्स थे। पुलिस और परिवार ने उसके इंस्टाग्राम अकाउंट की जांच की, तो कई ऐसी पोस्ट और रील्स सामने आईं, जिनमें वह मानसिक तनाव, घुटन और टूटन की ओर इशारा करती नजर आई। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई कि मौत से पहले पलक ने तीन दिन तक खाना नहीं खाया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ससुराल पक्ष दहेज में बुलेट बाइक और कार की मांग कर रहा था।

### ससुराल में प्रताड़ना, मायके आकर मुस्कान ने दी जान

ग्वालियर के तिघरा थाना क्षेत्र के तिघरा गांव निवासी 22 वर्षीय मुस्कान कुशवाह की शादी एक वर्ष पहले सिकंदर कंपू निवासी भूपेंद्र कुशवाह से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही कम दहेज लाने की बात कहकर ससुराल पक्ष उसे प्रताड़ित करता था। मायके पक्ष के अनुसार, ससुराल वाले दहेज में कार की मांग कर रहे थे। इसी वजह से मुस्कान 15 दिन पहले अपने मायके आकर रहने लगी थी। वह मानसिक रूप से काफी परेशान थी। मुस्कान ने घर के एक कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में केवल उसका छोटा भाई मौजूद था, लेकिन उसे इसकी भनक तक नहीं लगी। उस समय मुस्कान के माता-पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे।

# मोदी मंत्रिमंडल में मिल सकता है संध्या राय को मौका

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मोदी कैबिनेट के संभावित विस्तार में मध्यप्रदेश की सियासत फिर सुर्खियों में है। मोदी कैबिनेट में फेरबदल की तैयारी तेजी से चल रही है। मध्य प्रदेश से भिंड सांसद संध्या राय का नाम मंत्रिमंडल की रेस में सबसे आगे है। मध्यप्रदेश से हाल ही में राज्यसभा पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग को भी कैबिनेट मंत्री बनाए जाना तय है। इस फेरबदल में प्रदेश से तीन-चार नए चेहरों को जगह मिल सकती है। इस बार के मंत्रिमंडल विस्तार के पहले ही मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद और केन्द्र सरकार में पशुपालन डेयरी एवं फिशरीज मंत्रालय में राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन ने इस्तीफा दे दिया है। वर्तमान में मध्य प्रदेश से 5 लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद मोदी कैबिनेट में मंत्री हैं। इनमें ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान और डॉ. वीरेन्द्र कुमार कैबिनेट मंत्री हैं। सावित्री ठाकुर, दुगार्दास उइके राज्यमंत्री हैं। एमपी से राज्यसभा सांसद एल मुरुगन भी केन्द्र में राज्यमंत्री हैं।

मोदी कैबिनेट में होने वाले फेरबदल में भिंड से सांसद संध्या राय को राज्यमंत्री बनाया जा सकता है। संध्या राय जाटव समाज से आती हैं। अगले साल फरवरी-मार्च में उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भिंड संसदीय क्षेत्र यूपी-एमपी के बॉर्डर पर है। ऐसे में संध्या राय को यूपी के जाटव वोटर्स को बीजेपी की तरफ मोड़ने के लिए चुनावी कैम्पेन में जिम्मेदारी दी जा सकती है।

भिंड सांसद संध्या राय दूसरी बार की सांसद हैं। इससे पहले वे मुरैना जिले की दिमनी सीट से विधायक रह चुकीं हैं। वे 18वीं लोकसभा में अध्यक्षों के पैनल की सदस्य हैं, जिसके तहत वे सदन की कार्यवाही का संचालन और सभापति की भूमिका निभाती हैं।

## खबर एक नजर...

### 200 अतिक्रमणकारियों ने किया गोफन से पथराव

**खंडवा।** वन विभाग की गुड़ी रेंज में रविवार सुबह 11 बजे 40 वनकर्मियों पर 200 अतिक्रमणकारियों ने गोफन (गुलेल जैसे हथियार) से पथराव कर दिया। इस दौरान किसी वनकर्मी का कान काट दिया तो किसी का सिर फोड़ दिया। कई की वर्दी भी फाड़ दी गई। हमले में 10 से अधिक कर्मचारी घायल हो गए। आमाखुजरी के जंगल की जमीन जोतने पहुंचे अतिक्रमणकारियों को जब वन अमले ने रोका तो बवाल हो गया। अतिक्रमणकारियों और वनकर्मियों के बीच करीब दो घंटे तक संघर्ष चला। हमलावरों ने वनरक्षक शैलेंद्र यादव का धारदार हथियार से कान काट दिया। ज्वाला सिंह के सिर और गर्दन पर पत्थर मारा। वहीं वनकर्मी प्रदीप, रोमांक, ओमप्रकाश पिंडारे, राजेश बागड़ी, शैलेंद्र यादव, चंद्रपाल तोमर, राजेंद्र सक्तावत और सोहन कवचे को लाठियों से बुरी तरह पीटा। खंडवा से लगे 16 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में अतिक्रमण है। इसमें कुमठा-हीरापुर और आमाखुजरी की 1000 हेक्टेयर वन भूमि शामिल है। आमाखुजरी क्षेत्र में ही 100 हेक्टेयर वन भूमि पर कब्जा है। हमले के लिए लकड़ी और पाइप में कीलें गाड़कर उन्हें जमीन में दबा दिया जाता है।

### छिंदवाड़ा में पानी के लिए मची हाय तौबा:5 दिन से आधे शहर में नहीं आया पानी

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। कन्हरगांव डैम में पानी की भारी कमी के कारण भरतादेव फिल्टर प्लांट से होने वाली जलापूर्ति पिछले पांच दिनों से बंद है। इसका सीधा असर शहर के आधे हिस्से पर पड़ा है, जहां हजारों परिवार बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। नलों से पानी नहीं आने के कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है और अब कई परिवार पीने के लिए महंगा पानी खरीदने को मजबूर हैं। पिछले पांच दिनों से जलापूर्ति ठप होने के कारण शहर के कई वार्डों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू कामकाज, पीने के पानी और साफ-सफाई जैसी बुनियादी जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। लोगों का कहना है कि लगातार कई दिनों से नलों में पानी नहीं आने से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

### 4 ऑटोमैटिक मशीनें बंद होने से यात्रियों का हंगामा

**सतना।** रेलवे स्टेशन पर रविवार देर शाम जनरल टिकट व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। स्टेशन पर लगीं 6 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनों में से 4 बंद रहने और तीन में से सिर्फ दो काउंटर चालू होने से टिकट खिड़कियों पर लंबी कतारें लग गईं। समय पर टिकट नहीं मिलने के कारण कई यात्रियों की ट्रेनें छूटने की नौबत आ गई, जिससे नाराज लोगों ने स्टेशन परिसर में हंगामा कर दिया। यात्रियों का कहना था कि रविवार की छुट्टी होने के कारण स्टेशन पर भीड़ ज्यादा थी, इसके बावजूद रेलवे प्रशासन ने पर्याप्त व्यवस्था नहीं की। टिकट के लिए घंटों लाइन में लगने से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। हंगामे की सूचना मिलने पर रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और खराब मशीनों को जल्द चालू कराने का आश्वासन देकर स्थिति को संभाला। सतना जंक्शन पर अळश्ट से टिकट काटने के लिए 18 फैसिलीटेटरों को सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन इनमें से 10 लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। रेलवे प्रशासन ने इन्हें काम पर लौटने के लिए 20 जून तक की मोहलत दी थी, लेकिन वे नहीं आए। अब रेलवे अधिकारियों ने इन 10 फैसिलीटेटरों के अळश्ट कार्ड जमा करने के निर्देश दिए हैं और जल्द ही इनकी जगह नई नियुक्तियां की जाएंगी।

### कृषि विभाग की छापामार कार्रवाई, 500 बोरी खाद जब्त

**सागर।** सागर के ग्राम कुड़ारी में छापामार कार्रवाई कर कृषि विभाग की टीम ने अवैध रूप से भंडारण किया गया 500 बोरी उर्वरक जब्त किया है। मौके पर टीम ने 230 बोरियां ट्रक और 270 बोरियां मकान के अंदर से बरामद की है। मामले में उर्वरक के भंडारण करने के संबंध में दस्तावेज नहीं होने पर विभाग ने कैंट थाने में शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने सहदेव फर्टिलाइजर्स के प्रोपराइटर समेत दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार, कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक शिवकांत सिंह राजपूत को रविवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुड़ारी में सचिन गुप्ता के मकान में अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही कृषि विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमार कार्रवाई की। वहां पर ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 2213 से उर्वरक की बोरियां उतारकर मकान में रखी जा रही थीं। जांच टीम ने मौके से 500 बोरी अवैध उर्वरक (बेंटोनाइट ग्रेन्यूल्स) जब्त की। जिसका कुल वजन 25 हजार किलोग्राम है। इसमें से 230 बोरियां ट्रक में और 270 बोरियां मकान के अंदर रखी हुई पाई गईं।

### रतलाम में कांग्रेस का किसान महाआंदोलन आज

**रतलाम।** किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रतलाम द्वारा 29 जून (सोमवार) को किसान महाआंदोलन किया जा रहा है। कांग्रेस द्वारा सुबह 11 बजे पावर हाउस रोड स्थित सब्जी मंडी में सुब 11 बजे से किसान रैली निकालेंगे। शहर के अनेक मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कलेक्टर ऑफिस का घेराव करेंगे।

# सिया के इशारे पर चेतन ने केतन को धक्का दिया

## पुलिस का दावा- केतन गिरते वक्त सिया को पकड़ न सके, इसलिए बहाने से बैठ गई




**पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में पुलिस ने कई खुलासे किए है। पुलिस के मुताबिक, 18 जून को लोहगढ़ किले पर सिया गोयल ने पानी पीने या जूते का फीता बांधने के बहाने बैठकर चेतन चौधरी को इशारा दिया। इसके बाद पीछे चल रहे चेतन ने केतन को खाई में धक्का दे दिया।**

पुलिस का कहना है कि चेतन गिरते वक्त सिया को पकड़ न सके, इसिलए वो बैठ गई थी। सिया और चेतन ने घटना से एक दिन पहले पुणे के लुल्लानगर में एक कैफे में मर्डर प्लान किया था। दोनों वारदात से पहले लोहगढ़ किले पर आए थे। यहां उन्होंने हत्या के लिए जगह चुनी और रिहर्सल भी की। पुलिस अब उस उस जगह का पता लगा रही है, जहां दोनों ने रिहर्सल किया था। पुलिस के मुताबिक, चेतन पुणे से करीब 90 किलोमीटर दूर लोहगढ़ किले तक स्कूटर से पहुंचा था। उसने कार का इस्तेमाल नहीं किया ताकि टोल प्लाजा पर कार का रिकॉर्ड न बने। पुलिस ने वह स्कूटर जब्त कर लिया है।

चेतन हूडी पहनकर किले पर चढ़ा था। वहां पहुंचने के बाद उसने हूडी उतार दी और काली टी-शर्ट में रहा। मर्डर के बाद लौटते समय उसने फिर हूडी पहन ली। घटना के बाद वह उसी स्कूटर से पुणे लौट गया।

### सिया के वकील बोले- पुलिस हिरासत में दिया बयान सबूत नहीं

सिया गोयल के वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस हिरासत में आरोपी का दिया बयान अदालत में सबूत नहीं माना जाता। उन्होंने कहा कि कोर्ट में यह सवाल उठाएंगे कि पहले इस मामले को हादसा क्यों माना गया और बाद में हत्या का केस कैसे बना।

उनका कहना है कि पुलिस सिया से पूछताछ के लिए काफी समय ले चुकी है। अब उसे और पुलिस रिमांड में रखने की जरूरत नहीं है।

### पुणे मर्डर केस... अपडेट

सिया गोयल और चेतन चौधरी ने गूगल पर लोहगढ़ किले के डेथ पॉइंट सर्च किए थे। वहां तक पहुंचने का रास्ता और खाइयों की भी जानकारी जुटाई थी। दोनों ने गूगल पर 'डेथ पॉइंट और जहर देकर कैसे मारें, ताकि पुलिस को शक न हो' जैसे सवाल सर्च किए। पुलिस ने शनिवार को सिया गोयल के माता-पिता से 12 घंटे पूछताछ की। इससे पहले गुरुवार को सिया के भाई से 10 घंटे तक पूछताछ की थी।

### केतन मर्डर केस की टाइमलाइन

| | |
|---|---|
| 18 जून | पुणे के लोहगढ़ किले से केतन की धक्का देकर हत्या। मंगेतर सिया ने इसे एक्सीडेंट बताया। |
| 21 जून | केतन के पिता विशाल अग्रवाल घटनास्थल पहुंचे। फिर पुलिस स्टेशन जाकर हत्या का केस दर्ज कराया। |
| 23 जून | शक के आधार पर क्राइम ब्रांच ने चेतन को हिरासत में लिया। फिर सिया गोयल को भी गिरफ्तार किया। |
| 25 जून | पुलिस ने लोहगढ़ में लगे CCTV की जांच की। आरोपी चेतन 18 जून को हुडी पहनकर किले में आया था। |
| 26 जून | केतन की मौत से पहले सिया और चेतन पुणे के कैफे में मिले थे। उसका CCTV वीडियो सामने आया। |
| 26 जून | सिया की मां बोली- अगर मेरी बेटी दोषी है, तो उसे भी लोहगढ़ किले से नीचे फेंक देना चाहिए। |
| 27 जून | सिया का प्रेमी चेतन के साथ पुराना VIDEO सामने आया। दोनोंमहाराष्ट्र क्रिकेट लीग का मैच देखने गए थे। |
| 28 जून | पुलिस सिया-चेतन को लोहगढ़ ले गई। केतन के मर्डर का सीन रीक्रिएट किया। किले से डमी गिराकर देखा। |

### सिया के प्रेमी संग 2 पुराने वीडियो; कैफे गई, मैच देखा

सिया के प्रेमी चेतन के साथ के दो पुराने वीडियो अब सामने आए हैं। एक वीडियो में दोनों महाराष्ट्र क्रिकेट लीग का मैच देखते नजर आ रहे हैं। हालांकि, यह वीडियो कब का है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। वहीं दूसरा वीडियो पुणे के कैफे का है जो कि हत्या के एक दिन पहले यानी 17 जून का बताया जा रहा है। दावा है कि दोनों ने कैफे में बैठकर केतन के मर्डर की प्लानिंग की थी।

### वे विकास नहीं, स्वार्थ के लिए गए

# उद्धव ठाकरे ने भाजपा को 'बाबर जनता पार्टी' बताया, कहा- 6 बागी सांसदों की सदस्यता रद्द हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी छोड़कर एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हुए छह 6 सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा, अगर देश में कानून का राज है तो इन सांसदों को अयोग्य ठहराया जाना चाहिए। ये सांसद विकास के लिए नहीं, बल्कि अपने स्वार्थ के लिए गए हैं। उद्धव ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मुद्दा उठाते हुए भाजपा का 'बाबर जनता पार्टी' बताया। उन्होंने कहा, बाबर ने राम मंदिर तोड़ा था। अब बाबर जनता पार्टी नए बने राम मंदिर को लूट रही है। दोनों में क्या फर्क है? उद्धव इन दिनों मराठवाड़ा के दौरे पर हैं। बाकी सांसदों के संसदीय क्षेत्रों में जाकर जनसभाएं कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने परभणी और धाराशिव में अलग-अलग सभाओं को संबोधित किया।

### ठाकरे बोले- वे महाराष्ट्र धर्म और मराठी अस्मिता खत्म करना चाहते हैं

धाराशिव में उद्धव ने कहा, अगर आपके पास पहले से बहुमत है, तो फिर मेरे सांसदों की जरूरत क्यों पड़ी? यह सिर्फ बगावत नहीं, बड़ा राजनीतिक खेल है। वे महाराष्ट्र, शिवसेना और महाराष्ट्र धर्म को खत्म करना चाहते हैं। इसलिए शिवसेना को तोड़ा जा रहा है। मराठी अस्मिता और छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वाभिमान को मिटाना चाहते हैं। सब कुछ गुजरात ले जाना चाहते हैं। राम मंदिर हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। यह लंबे संघर्ष के बाद बना है। पहले नारा था 'मंदिर वहीं बनाएंगे', अब मंदिर में ही लूट हो रही है। मंदिर को दुकान बना दिया गया है।




### सांसदों को तोड़ने को ऑपरेशन देवेंद्र बताया

परभणी में ही उद्धव ने कहा कि छह सांसदों का दल-बदल 'ऑपरेशन देवेंद्र' का हिस्सा है। बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व पहले अपने ही नेताओं के पर काटता है। शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी और देवेंद्र फडणवीस इसका उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि गडकरी के पर इसलिए काटे गए, ताकि वे प्रधानमंत्री न बन सकें। अगर वे दूसरी बार बीजेपी अध्यक्ष बनते तो फरर के समर्थन से प्रधानमंत्री बन सकते थे। शिवसेना को तोड़ने के पीछे भी देवेंद्र फडणवीस को रोकने की राजनीति है। वे दिल्ली जाने का सपना देख रहे हैं। यह महाराष्ट्र के लिए एक और झटका होगा।

### 22 जून: उद्धव के 6 सांसद शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए

22 जून को उद्धव ठाकरे की शिवसने से लोकसभा के कुल 9 में से 6 सांसद पार्टी से अलग होकर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए। लोकसभा में अब शिंदे के सांसदों की संख्या 7 से बढ़कर 13 हो गई है।

### मोहाली के गुरुद्वारे में निहंग पर हमला

उत्तराखंड के कर्णप्रयाग मामले में रिहा होकर पंजाब लौटे निहंगों के स्वागत समारोह के दौरान रविवार को मोहाली के गुरुद्वारे में हंगामा हो गया। समारोह के बीच एक व्यक्ति ने निहंग बाबा जसदीप सिंह पर हमला करने की कोशिश की। इससे गुरुद्वारा परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद निहंगों ने तुरंत आरोपी को काबू कर लिया। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी। उसके कपड़े फाड़ दिए। बाबा जसदीप सिंह रिहा हुए चारों साथियों के साथ गुरुद्वारे में पहुंचे थे। 16 जून को कर्णप्रयाग में विवाद शुरू हुआ था। यहां निहंगों और स्थानीय लोगों के बीच मारपीट हुई थी, जिसके बाद चारों निहंगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मोदी बोले- भारत समुद्र से आकाश तक सुरक्षित

### देश में 40 से ज्यादा सी-295 विमान बनाए जा रहे, योग में भारत ने 114 पदक जीते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 135वें एपिसोड में कहा, 'भारत समुद्र से लेकर आसमान तक सुरक्षित है। इसी महीने डीआरडीओ ने स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

पीएम मोदी ने कहा- जून के महीने में ही देश ने विमानन क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। मेड इन इंडिया अभियान के तहत तैयार किए गए सी-295 विमान ने अपनी पहली सफल उड़ान पूरी कर ली है। वर्तमान में ऐसे 40 विमान भारत में ही बनाए जा रहे हैं। पीएम ने कहा कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग के कई कार्यक्रम हुए। भारत ने अहमदाबाद में आयोजित 'विश्व योगासन चैम्पियनशिप' में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 114 मेडल जीते हैं। इनमें 102 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। भारत पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा है।

शादी के लिए सोना रीसाइकल कर रहे लोग पीएम मोदी ने कहा कि मैंने बीते दिनों लोगों से कुछ समय तक सोना ना खरीदने, विदेश यात्रा टालने या कार पूलिंग की अपील की थी मैं देश के हर नागरिक का आभारी हूं कि मेरी अपील का उन्होंने न सिर्फ समर्थन किया बल्कि उसमें सहयोग कर रहे हैं.

कई परिवारों ने तय किया है कि घर के विवाह में सोना नहीं खरीदेंगे. जरूरत हुई तो वे पुराने सोने को ही रिसाइकल करेंगे. कई लोगों ने कार पूलिंग के अनुभव भी साझा किए हैं. मुझे इस बात की खुशी है कि हम भारतीय इस संकट से मिलकर मुकाबला कर रहे हैं.'

पीएम मोदी ने कहा कि असम में एक पक्षी पाया जाता है। उसका नाम हरगिला है। हरगिला एक दुर्लभ पक्षी है। ये प्रकृति को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन असम के कुछ इलाकों में लंबे समय तक इसे अशुभ माना जाता था।

#### मेघालय: रूट ब्रिज की कहानी

पीएम मोदी ने मेघालय के रूट ब्रिज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये ब्रिज कुछ दिनों या कुछ सालों में नहीं बनते। इन्हें तैयार होने में कई दशक लगते हैं। रबर के पेड़ों की जड़ों को धीरे-धीरे दिशा दी जाती है। इन जड़ों को जल-धाराओं के पार ले जाया जाता है। समय के साथ वही जड़ें एक मजबूत ब्रिज का रूप ले लेती हैं। ये जीवित ब्रिज हैं। समय बीतने के साथ और मजबूत हो जाते हैं। ये ब्रिज बताते हैं कि मनुष्य प्रकृति के साथ मिलकर कितनी अद्भुत चीजें बना सकता है। ये हमारे देश की, इस धरती की, धरोहर है। अब भारत ने मेघालय के रूट ब्रिजों को वठएरउड वर्ल्ड हेरिटेज साइट नेटवर्क में शामिल कराने के लिए आवेदन किया है।



लोग इसे अपने आसपास देखना पसंद नहीं करते थे। कई बार उन पेड़ों को भी काट दिया जाता था जिन पर हरगिला के घोसले बने होते थे। इसी दौरान जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन ने ये सब देखा। उन्होंने लोगों के मन में बैठी गलत धारणा को बदलने का संकल्प लिया। उन्होंने महिलाओं से बात की, लोगों को विज्ञान के आधार पर समझाया। धीरे-धीरे महिलाएं इस अभियान से जुड़ने लगीं। फिर एक बड़ा बदलाव शुरू हुआ। जिस पक्षी को कभी अशुभ मानकर भगाया जाता था, वही गांवों की पहचान बनने लगा। हजारों ग्रामीण महिलाएं हरगिला को बचाने के लिए आगे आईं। आज उन्हें 'हरगिला आर्मी' के नाम से जाना जाता है। इन महिलाओं ने समाज को समझाने के लिए दिन-रात काम किया और अंधविश्वास को पीछे छोड़ करके रहे। उन्होंने दिखाया है कि जब सही जानकारी पहुंचाई जाती है, तो वर्षों पुरानी सोच भी बदल सकती है।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी-8 आरोपियों के घर पुलिस की एकसाथ छापेमारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जेल में बंद 8 आरोपियों के घरों पर रविवार सुबह 7 बजे पुलिस की 8 टीमों ने एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 3 आरोपियों के घर पर ताला लगा था। पुलिस ने पड़ोसियों से सवाल-जवाब किए। चंपत राय के करीबी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर पर ताला लगा मिला। आरोपी अनुकल्प मिश्रा के घर पर भी छापेमारी हुई। खरीदी गई संपत्तियों के दस्तावेज और बैंक अकाउंट डिटेल खंगाले गए। पुलिस को अनुकल्प के घर डायरी और कुछ अहम दस्तावेज मिले हैं। पुलिस का मानना है कि डायरी राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण से संबंधित है। छापेमारी में राजस्व अधिकारियों खासकर लेखपालों को शामिल किया गया। पुलिस ने दोपहर 3 बजे तक करीब 8 घंटे जांच की। इस दौरान राम मंदिर से जुड़ने के बाद आरोपियों के लाइफ स्टाइल में आए बदलाव को लेकर पड़ताल की गई।

राम मंदिर चंदा गबन मामले में आरोपियों को अयोध्या में अपनी पैरवी के लिए वकील मिलने की संभावना कम नजर आ रही है। स्थानीय अधिवक्ताओं ने आरोपियों का केस लड़ने से इनकार कर दिया है।

फैजाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका मिश्रा ने रविवार को बताया कि आरोपियों की पैरवी नहीं करने के फैसले पर अंतिम मुहर सोमवार को होने वाली बार एसोसिएशन की सामान्य सभा की बैठक में लगाई जाएगी। बैठक में इस संबंध में औपचारिक निर्णय लिया जाएगा।

# 22 राज्यों तक पहुंचे मानसून की रफ्तार पड़ी धीमी

## असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल में अलर्ट, 6 राज्यों में प्री-मानसून बारिश जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मानसून ने देश के 22 राज्यों को कवर कर लिया है, लेकिन चार दिनों से इसकी रफ्तार धीमी पड़ी हुई है और यह मध्यप्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में आगे नहीं बढ़ पा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। 6 राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश जारी है।

मौसम विभाग ने असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल के तराई वाले क्षेत्रों और सिक्किम में सोमवार को तेज बारिश तथा कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है।

मध्य प्रदेश में रविवार को बड़वानी के सेंधवा में उफनाए पुल पार करते समय एक ट्रैक्टर सहित ड्राइवर तेज बहाव में बह गया। ड्राइवर अभी भी लापता है। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में रविवार को बारिश से कच्चे मकान की एक दीवार ढह गई, हादसे में 2 बच्चियों की मौत हो गई। वहीं, सुकमा जिले के कुकानार गांव में बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, 4 अन्य घायल हैं।

देश के पूर्वी राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भारी बारिश हो रही है। तीनों राज्यों में बाढ़ जैसे हालात हैं। अरुणाचल प्रदेश में बारिश और लैंडस्लाइड की घटना में तीन की मौत हो गई। वहीं असम के ढेमाजी जिले में केमी नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बह गया। पुल के बहने से केमी-पुराना जेलोम क्षेत्र का जोनाई सदर से सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। सिक्किम में जोंगू क्षेत्र में फी खोला नदी पर बना बेली ब्रिज बह गया। देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश जारी है। हालांकि, सात राज्यों में तेज गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में पारा 43त्उ से ज्यादा दर्ज किया गया। मानसून ने देश के 22 राज्यों को कवर कर लिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। यूपी में मानसून 9 दिन लेट है। यह आमतौर पर 20 जून तक आ जाता है, लेकिन इस बार 16 दिनों से बिहार बॉर्डर पर रुका हुआ है। यह आज बिहार बॉर्डर से प्रदेश में एंट्री कर सकता है। मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री के बाद आंधी और झमाझम बारिश का दौर जारी है। बड़वानी के सेंधवा में उफनाए पुल पार करते समय एक ट्रैक्टर सहित ड्राइवर तेज बहाव में बह गया। ड्राइवर अभी भी लापता है।

वहीं मंदसौर, रतलाम, गुना, श्योपुर, बड़वानी, शाजापुर, सीहोर, उज्जैन, छतरपुर और खरगोन समेत 10 से ज्यादा जिलों में बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 43 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के पांच बड़े शहरों में उज्जैन सबसे ठंडा रहा, जहां अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इंदौर में 33.8 डिग्री, भोपाल में 34.6 डिग्री, जबलपुर में 38.3 डिग्री और ग्वालियर में 40.2 डिग्री तापमान रहा।

### 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बहा:अरुणाचल प्रदेश में 3 लोगों की मौत; सिक्किम में नदियां उफान पर, पुल टूटा





यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 29 जून, 2026

## सुभाषितानि

द्वादशमंजरिकाभिरशेषः कथितो वैयाकरणस्यैषः।
उपदेशोऽभूद्विद्यानिपुणैः, श्रीमच्छंकरभगवच्चरणैः॥

**भावार्थ** : बारह गीतों का ये पुष्पहार, सर्वज्ञ प्रभुपाद श्री शंकराचार्य द्वारा एक वैयाकरण को प्रदान किया गया।

दिनयामिन्यौ सायं प्रातः, शिशिरवसन्तौ पुनरायातः।
कालः क्रीडति गच्छत्यायुस्तदपि न मुन्च्त्याशावायुः॥

**भावार्थ** : दिन और रात, शाम और सुबह, सर्दी और बसंत बार-बार आते-जाते रहते है काल की इस क्रीडा के साथ जीवन नष्ट होता रहता है पर इच्छाओ का अंत कभी नहीं होता है।

## जन्मना निर्धारितः भवति-मात्रं धार्मिकपरिवर्तनस्य आधारेण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

मुस्लिमसमुदायेषु सदस्यतायाः दावा- कर्तुं न शक्नुवन्ति-यस्य परिचयः जन्मना निर्धारितः भवति-मात्रं धार्मिकपरिवर्तनस्य आधारेण। न्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् एतादृशः व्यक्तिः स्वयमेव 'पिछड़ावर्गीयमुस्लिमः' इति आरक्षणस्य अधिकारं न प्राप्नोति। तमिलनाडुराज्यस्य थूथुकुडी-नगरस्य निवासी समीर अहमदस्य याचिकायाम् अयं विषयः उत्पन्नः। मूलतः परमशिवम् इति नामकः हिन्दुपरिवारस्य च सः २०१५ तमे वर्षे इस्लामधर्मं स्वीकृत्य समीर अहमद इति नाम स्वीकृत्य मुस्लिमरीतिरिवाजैः विवाहं कृतवान् तदनन्तरं सः राज्ये 'पिछड़ावर्गीयमुस्लिम'-वर्गस्य।

## सम्पादकीयम्

### उभयवस्तूनाम् निर्यातः

तस्मिन् संकटे द्वौ प्रमुखौ आघातौ प्राप्तौ : गोधूमस्य आपूर्तिः न्यूनता, उर्वरकस्य मूल्येषु तीव्रः वृद्धिः च। युक्रेन-रूस-देशयोः मिलित्वा वैश्विकगोधूमनिर्यातस्य ३०% भागः भवति-तस्मिन् समये अचानकं स्थगितानां आपूर्तिः। परन्तु अन्ततः रूसदेशात् उभयवस्तूनाम् निर्यातः पुनः आरब्धः। एतस्मिन्नन्तरे भारतसदृशेषु देशेषु गोधूमनिर्यासः वर्धितः आसीत्। परन्तु प्रत्यक्षसमुद्रमार्गेषु व्यत्ययेन अस्मिन् समये स्थितिः भिन्ना अस्ति। उत्पादनं स्थगितम्। इरान् अन्येषु अरबराष्ट्रेषु यथा सुविधां लक्ष्यं कृतवान् तस्य प्रभावः अपि अभवत्। कतारएनर्जी इत्यस्य कुलसमुद्री यूरियाव्यापारस्य प्रायः १०% भागः अस्ति। दिनद्वयात् पूर्वं स्वस्य एकस्मिन् परिसरे ड्रोन्-आक्रमणस्य अनन्तरं कम्पनी गन्धकस्य, अमोनिया-यूरिया-इत्यस्य च उत्पादनं स्थगितवती अस्ति। इरान्, सऊदी अरबदेशयोः आपूर्तिः अपि प्रभाविता अस्ति। गैसस्य अभावः। उर्वरकस्य विपण्यं सर्वदा अत्यन्तं संवेदनशीलं भवति। चीनादिराष्ट्राणि स्वस्य आवश्यकतायाः आधारेण वैश्विकप्रदायं प्रभावितयन्ति। प्राकृतिकवायुः-उर्वरक-उत्पादनार्थं अत्यावश्यकः-अन्यः प्रमुखः कारकः अस्ति, तस्य आपूर्तिः च न्यूनीभूता अस्ति। सस्येषु प्रभावः। भारतेन गतवर्षस्य एप्रिल-नवम्बर-मासयोः मध्ये अभिलेखात्मकं ७० लक्षटनं यूरिया आयातितम्।

महिला-टी-२० विश्वकप-क्रीडायाः पूर्वं मैथ्यू हेडन्

## इत्यस्मात् बल्लेबाजी-युक्त्यः ज्ञातवती स्मृति-मान्धना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ म्यान्चेस्टर

महिलानां टी-२० विश्वकप २०२६ इत्यस्मिन् सेमीफाइनल्-क्रीडायाः दौडः तापितः अस्ति। बाङ्ग्लादेशस्य उपरि पञ्चविकेटैः महत्त्वपूर्णविजयस्य अनन्तरं भारतीयदलस्य उपकप्तानः स्मृतिमान्धना पौराणिकस्य पूर्वऑस्ट्रेलियादेशस्य बल्लेबाजस्य मैथ्यू हेडन् इत्यस्मात् विशेषबल्लेबाजीप्रविधिं शिक्षमाणा दृष्टा। एषः अन्तरक्रियाः म्यान्चेस्टर-नगरस्य ओल्ड-ट्रैफोर्ड-क्रीडाङ्गणे मेलनस्य समाप्तेः अनन्तरं अभवत, तस्य क्षणस्य एकः भिडियो सामाजिक-माध्यमेषु द्रुतगत्या वायरल् भवति क्रिकेट्-प्रेमिणः एतत् भारतस्य आगामि-क्रीडायाः सज्जतारूपेण पश्यन्ति।

बाङ्ग्लादेशविरुद्धे मेलने भारतीयमहिलादलेन १६.५ ओवरेषु १३७ रनस्य लक्ष्यं सफलतया अनुसृत्य अस्मिन् क्रमे पञ्च विकेट् हारितम्। एतेन विजयेन भारतेन सेमीफाइनल्-आशां जीवितं दृढं च कृतम्। रनस्य अनुसरणस्य समये शफाली वर्मा ५३ रनस्य भव्यं पारीं कृतवती, यदा तु जेमिमा रोड्रिग्स् (२६), यस्तिका भाटिया (२३), कप्तानः हरमनप्रीतकौरः (१३ नॉटआउट्) च दलस्य विजयाय मार्गदर्शने योगदानं दत्तवन्तः

पूर्वं भारतीयगेन्दबाजाः अपि प्रभावशालिनः प्रदर्शनं कृतवन्तः आसन्। राधा यादवः त्रीणि विकेट्, श्रीचरणी च द्वौ विकेट् गृहीतवान्, बाङ्गलादेशः तेषां आवंटितेषु २० ओवरेषु १३६ रनपर्यन्तं प्रतिबन्धयितुं महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। परन्तु फरगाना होक (अत्र जुयारिया फिरदौस् इति उच्यते) कप्तानः निगर सुल्ताना च युद्धपारीं कृत्वा दलस्य सम्माननीयं कुलम् प्राप्तुं साहाय्यं कृतवन्तौ।

मेलनानन्तरं स्टारस्पोर्ट्स् इत्यनेन साझाकृते विडियोमध्ये मैथ्यू हेडन्



स्मृतिमान्धना इत्यस्मै बल्लेबाजीयाः सूक्ष्मतां व्याख्यायमानः दृष्टः। हेडन् बहुमूल्यं युक्तयः प्रदत्तवान्-विशेषतः बल्लेबाजीपरिग्रहस्य, शरीरस्य संतुलनस्य, कन्दुकं प्रति बहिः गमनस्य तकनीकस्य च विषये-इङ्ग्लैण्डस्य द्रुतगति-उच्छ्वास-पिच-मध्ये उत्तमं प्रदर्शनं कर्तुं साहाय्यं कर्तुं सम्पूर्णे सत्रे स्मृतिमान्धना ध्यानपूर्वकं श्रुत्वा तस्य प्रदर्शितानां युक्तीनां प्रतिकृतिं कुर्वन्ती दृश्यते स्म। स्वस्य क्रीडावृत्तौ आक्रामकबल्लेबाजीं कृत्वा प्रसिद्धः मैथ्यू हेडन् मन्धना इत्यस्य प्रशिक्षणं दत्तवान् यत् सः आफ-साइड् इत्यत्र आक्रामकं स्ट्रोक क्रीडितुं, बहिः गच्छन् समुचितं वजनस्य संतुलनं स्थापयितुं, उच्चकोणेन रक्षात्मकं शॉट् क्रीडितुं च तकनीकं कृतवान् आङ्गलपरिस्थितौ भारतीयबल्लेबाजानां कृते एतत् मार्गदर्शनं लाभप्रदं सिद्धं भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

स्मृति मन्धना महिलानां टी-२० विश्वकप २०२६ इत्यस्मिन् भारतीयदलस्य विश्वसनीयतमा बल्लेबाजरूपेण उद्भूतवती अस्ति। पाकिस्तानविरुद्धं ४४ कन्दुकयोः ६८ रनस्य स्कोरं कृत्वा नेदरलैण्ड्देशस्य विरुद्धं ४७ कन्दुकयोः ७४ रनस्य भव्यपारीं कृतवती। तस्मिन् मेलने सा टी-२० अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेट्-क्रीडायां ६०० चतुर्णां स्कोरं कृत्वा विश्वस्य प्रथमा क्रिकेट्-क्रीडिका भूत्वा ऐतिहासिकं अभिलेखम् अपि स्थापितवती। यद्यपि दक्षिण आफ्रिकाविरुद्धं केवलं १७ धावनाङ्कानि, तदनन्तरं बाङ्गलादेशस्य विरुद्धं ८ धावनाङ्कानि च प्रबन्धितवती तथापि सम्पूर्णे स्पर्धायां तस्याः समग्रप्रदर्शनं निरन्तरं प्रभावशाली अस्ति सा चतुर्षु मेलनेषु १६७ रनस्य स्कोरं कृतवती, यत्र द्वौ अर्धशतकं च अस्ति, सा ४१.७५ औसतं, १५३.२१ स्ट्राइक रेट् च धारयति।

अन्वेषणकाले धमकीनां

## निरन्तर-उत्पीडनस्य च आरोपाः प्रमाणीकृताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

पुलिस अभियुक्तानां अन्वेषणं करोति, प्रकरणस्य सवेषां पक्षानां अन्वेषणं च क्रियते। सः अपि अवदत् यत् यदि अन्वेषणकाले धमकीनां, निरन्तर-उत्पीडनस्य च आरोपाः प्रमाणीकृताः भवन्ति तर्हि तदनुसारं अतिरिक्त-आरोपाः योजिताः भविष्यन्ति।

एषा घटना न केवलं पारिवारिकविवादः; वृद्धानां दुर्व्यवहारस्य आतङ्कजनकं वर्धनं अपि प्रकाशयति। ये मातापितरः स्वसन्ततिपालनार्थं सम्पूर्णं जीवनं समर्पयन्ति ते प्रायः सम्पत्ति-आर्थिक-हित-कारणात् वृद्धावस्थायां उत्पीडनस्य शिकाराः भवन्ति सामाजिकविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् परिवारे संचारस्य अभावः, सम्पत्तिविषये लोभः, सहानुभूतेः क्षयः च एतादृशप्रकरणानाम् पृष्ठतः प्राथमिककारणानि सन्ति।

कानूनीविशेषज्ञानाम् अनुसारं यदि बालकाः स्वमातापितरौ आक्रमणं कुर्वन्ति, धमकीम् अयच्छन्ति, उत्पीडयन्ति वा तर्हि वरिष्ठनागरिकाणां अधिकाररक्षणप्रावधानानाम् अन्तर्गतं कार्यवाहीसहितं तेषां विरुद्धं आपराधिकप्रक्रियाः आरभ्यन्ते वृद्धानां सुरक्षायै सर्वकारेण विविधाः कानूनी प्रावधानाः कृताः, येषां उद्देश्यं तेषां गौरवपूर्णजीवनं भवति। सम्प्रति पुलिस अस्य विषयस्य अन्वेषणं कुर्वन् अस्ति। अभियुक्तस्य अन्वेषणं प्रचलति, पुलिसैः उक्तं यत् कोऽपि अपराधी कानूनपरिहारं कर्तुं न अनुमन्यते। इदानीं एषा घटना पुनः प्रश्नं जनयति यत् यदि मातापितरौ स्वगृहे सुरक्षिताः न सन्ति तर्हि वृद्धानां सुरक्षां गौरवं च सुनिश्चित्य समाजस्य अधिकसंवेदनशीलस्य सतर्कतायाः च आवश्यकता नास्ति वा?

## राशिफल

**मेष** : जरूरी बातें नोट करें, और उन्हें किसी दोस्त के साथ शेयर करें। एक छोटा प्लान पढ़ाई पूरी करने में मददगार साबित होगा।

**वृषभ** : बोलने से ज्यादा सुनें। आपकी तेज सोच आज छोटी-मोटी समस्याओं को सॉल्व करने में मदद करेगी।

**मिथुन** : छोटी-छोटी सुख-सुविधाएं आपका मूड बेहतर करेगी और आगे की योजना बनाने के लिए मदद करेगी।

**कर्क** : आपकी स्किल्स व मेहनत प्रगति ला सकती है। जरूरी टास्क चुनें और अचानक बदलाव से बचें। और पढ़ें

**सिंह** : फाइनेंस दोनों पूरे दिन आपके साथ रहने वाले हैं। अपने कदमों और छोटी-छोटी सुख-सुविधाओं पर ध्यान दें।

**कन्या** : आज कोई बड़ी फाइनेंशियल दिक्कत नहीं आएगी। कोई गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्या जीवन पर असर नहीं डालेगी।

**तुला** : बेवजह के स्ट्रेस से दूर रहें। बैलेंस मेंटेन करें। अपने पार्टनर से बिना शर्त प्यार का इजहार करें।

**वृश्चिक** : लव अफेयर में समझदारी दिखाएं और आज के दिन जरूरी फैसले लेते समय अपने पार्टनर की राय भी जरूर लें।

**धनु** : इस बात का ध्यान रखें कि आप पैसे को ध्यान से संभालें। सेहत आज के दिन नॉर्मल है।

**मकर** : स्वास्थ्य दोनों की स्थिति अच्छी रहने वाली है। अपने प्यार का इजहार करने के लिए आज के दिन का ऑप्शन चुनें।

**कुंभ** : ऑफिस की गॉसिप पर ध्यान न दें, क्योंकि इससे आपकी प्रोडक्टिविटी पर असर पड़ सकता है।

**मीन** : अपने पार्टनर से सच्चे दिल से प्यार करें। आज के दिन फाइनेंशियल सक्सेस दिन की खास बात है।


## ज्योतिष/वास्तु

# बुध की उल्टी चाल इन 3 राशियों के लिए पड़ेगी भारी, 29 जून से हो जाएं सावधान

जब बुध ग्रह उल्टी चाल चलते हैं, तो सोचने-समझने की प्रक्रिया, बातचीत का तरीका और फैसले लेने की क्षमता पर भी असर पड़ सकता है। आइए जानते हैं किन राशि के लोगों को इस दौरान अपने कदम संभालकर रखने होंगे और किन उपायों से इस ग्रह के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है।

जून 2026 से बुध ग्रह अपनी दिशा बदलते हुए वक्री अवस्था में प्रवेश करने वाले हैं, और यह खगोलीय बदलाव जीवन की गति को भी प्रभावित कर सकता है। ज्योतिष शास्त्र में बुध को बुद्धि, संवाद, तर्कशक्ति, व्यापार और निर्णय क्षमता का संचालक माना जाता है। ऐसे में जब यह ग्रह उल्टी चाल चलता है, तो सोचने-समझने की प्रक्रिया, बातचीत का तरीका और फैसले लेने की क्षमता पर भी असर पड़ सकता है।

यह समय कुछ लोगों के लिए आत्ममंथन का अवसर बन सकता है, तो वहीं कुछ के लिए भ्रम और उलझन का कारण भी। इस बार बुध का वक्री होना खास तौर पर तीन राशियों के लिए सावधानी का संकेत दे रहा है। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि किन लोगों को इस दौरान अपने कदम संभालकर रखने होंगे और किन उपायों से इस ग्रह के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है।



**मिथुन राशि-** बुध के वक्री होने का सीधा प्रभाव मिथुन राशि के जातकों पर पड़ सकता है, क्योंकि यह आपकी राशि का स्वामी ग्रह है। इस दौरान अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं और आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। बातचीत करते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें, क्योंकि छोटी सी बात भी विवाद का कारण बन सकती है। किसी से कठोर या अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें और धैर्य बनाए रखें।

**धनु राशि-** धनु राशि के लोगों के लिए यह समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं सामने आ सकती हैं और व्यापार या कामकाज में उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं मिलेंगे। आर्थिक नुकसान की संभावना भी बन सकती है। मानसिक तनाव और चिंता बढ़ सकती है, इसलिए कोई भी बड़ा निर्णय जल्दबाजी में न लें। बातचीत के दौरान संयम रखें, क्योंकि कटु वाणी से विवाद बढ़ सकते हैं और कानूनी उलझनें भी पैदा हो सकती हैं।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों को इस दौरान मानसिक अशांति और उलझन का सामना करना पड़ सकता है। निर्णय लेने में कठिनाई महसूस हो सकती है, जिससे कामकाज प्रभावित हो सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को आर्थिक हानि उठानी पड़ सकती है और खर्चों में बढ़ोतरी से बजट बिगड़ सकता है। यात्रा करते समय और वाहन चलाते वक्त विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि दुर्घटना की आशंका बनी रह सकती है।

### नकारात्मक प्रभाव कम करने के उपाय

इन राशियों के लोगों को हर बुधवार भगवान गणेश की पूजा करनी चाहिए और उन्हें दूर्वा अर्पित करनी चाहिए। हरे रंग के वस्त्र पहनना या हरी मूंग का दान करना शुभ माना जाता है। ॐ बुं बुधाय नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। किसी भी प्रकार का निवेश या बड़ा फैसला सोच-समझकर ही लें। वाणी में मधुरता बनाए रखें और जरूरतमंदों की सहायता करें, इससे बुध के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है।

सोजन ने तोड़ा अंजू जॉर्ज का 22 साल पुराना रिकॉर्ड

# 6.88 मीटर की छलांग लगाकर रचा इतिहास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भुवनेश्वर

केरल की लंबी कूद खिलाड़ी एंसी सोजन ने भारतीय एथलेटिक्स में इतिहास रच दिया। उन्होंने नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 6.88 मीटर की छलांग लगाकर अंजू बॉबी जॉर्ज का 22 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया।

भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 25 साल की एंसी ने यह रिकॉर्ड अपने पांचवें प्रयास में बनाया। उन्होंने अंजू बॉबी जॉर्ज के 6.83 मीटर को पीछे छोड़ा। यह उन्होंने 2004 एथेंस ओलिंपिक में बनाया था। यह भारतीय एथलेटिक्स के सबसे पुराने रिकॉर्ड में से एक था।

अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2004 एथेंस ओलिंपिक में 6.83 मीटर की छलांग लगाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। इसके बाद दो दशकों तक कोई भी भारतीय महिला इस रिकॉर्ड को नहीं तोड़ सकी। अंजू 2003 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट भी थीं। उनका यह रिकॉर्ड भारतीय एथलेटिक्स की पहचान माना जाता था। अब एंसी ने उसे अपने नाम कर लिया है।



**एंसी सोजन ने राष्ट्रीय खिताब भी जीता।**

**एंसी एशियाई इतिहास की 8वीं बेस्ट विमेंस लॉन्ग जम्पर बनीं।**

**पिछले 20 साल में 6.85 मीटर से ज्यादा छलांग लगाने वाली एशिया की सिर्फ दूसरी महिला बनीं।**

**भारतीय एथलेटिक्स का बड़ा रिकॉर्ड टूटा**

**एशिया में भी बनाई खास पहचान-** 6.88 मीटर की छलांग के साथ एंसी एशियाई इतिहास की 8वीं बेस्ट महिला लॉन्ग जम्पर बन गई हैं। इतना ही नहीं, पिछले 20 साल में 6.85 मीटर से ज्यादा छलांग लगाने वाली वह सिर्फ दूसरी एशियाई महिला हैं। यह प्रदर्शन इस साल होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से पहले भारत के लिए भी बड़ी उम्मीद लेकर आया है।

**लगातार बेहतर हो रहा है प्रदर्शन-** नेवी को रिप्रेजेंट करने वाली एंसी पिछले कुछ सालों से लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने 2023 एशियन गेम्स में सिल्वर जीता था। इसके बाद 2025 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी सिल्वर अपने नाम किया था। इस साल रांची में हुए फेडरेशन कप में उन्होंने 6.76 मीटर की छलांग लगाकर अपना बेस्ट प्रदर्शन किया था। उसी दौरान उन्होंने एशियन गेम्स के लिए क्वालिफिकेशन मार्क भी हासिल कर लिया था। अब उन्होंने अपना ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुधारते हुए नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**हार्मोनल समस्या से जूझीं, फिर की शानदार वापसी-** पिछले साल एंसी हार्मोनल समस्या के कारण वजन बढ़ने से जूझ रही थीं। उन्होंने बताया था कि वजन कम करना उनके लिए काफी मुश्किल हो गया था। इसके बावजूद उन्होंने खान-पान पर नियंत्रण रखा और कड़ी मेहनत जारी रखी।

एंसी ने कहा था- अगर अच्छा प्रदर्शन करना है तो त्याग और अनुशासन जरूरी है। मेरे कोच अनूप जोसेफ ने मुझे यही समझाया। ट्रेनिंग में किए गए बदलाव का फायदा अब दिख रहा है।

**इंटर-स्टेट चैंपियनशिप में कई रिकॉर्ड बने-** इंटर-स्टेट चैंपियनशिप के चौथे दिन सिर्फ एंसी ही नहीं, पुरुषों की हाई जंप में सर्वेश कुशारे ने भी तेजस्विन शंकर का नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस तरह टूनार्मेंट के चौथे दिन भारतीय एथलेटिक्स में दो राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने। सर्वेश ने 2.31 मीटर की शानदार छलांग लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही वे 2.30 मीटर को पार करने वाले पहले भारतीय हाई जम्पर बन गए।

## भारत 16 टी-20 सीरीज जीतने के बाद हारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेलफास्ट

आयरलैंड ने दूसरे टी-20 मैच में भारत को एक रन से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम 16 टी-20 सीरीज जीतने के बाद हारी है। बेलफास्ट में मिली हार के साथ श्रेयस पहले दो टी-20 मैच हारने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बने। उनसे पहले ऋषभ पंत ने अपनी कप्तानी में शुरूआती दो मैच गंवाए थे। यह भारत की 2023 से 2026 के बीच टी-20 सीरीज में पहली हार है। टीम लगातार 16 सीरीज के बाद हारी है। इससे पहले पाकिस्तान 2016 से 2018 के बीच लगातार 11 टी-20 सीरीज जीतने के बाद हारी थी। श्रेयस अय्यर बतौर कप्तान अपने शुरूआती दोनों टी-20 इंटरनेशनल मैच हारने वाले भारत के दूसरे कप्तान बन गए हैं। उनसे पहले ऋषभ पंत के नाम यह अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज था। पंत भारत के पहले ऐसे कप्तान थे, जिन्हें कप्तानी के अपने शुरूआती दोनों टी-20 मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

## दीप्ति सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली महिला क्रिकेटर




ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया। लॉर्ड्स में स्पिनर दीप्ति शर्मा महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत की ओर से वर्ल्ड कप की सबसे तेज फिफ्टी लगाई।

स्टेडियम में विराट कोहली व अनुष्का शर्मा भारतीय टीम का हौसला बढ़ाते नजर आए। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज भी पूरा किया। टीम ने 171 रन का टारगेट 19 ओवर में हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया ने 171 रन का टारगेट हासिल कर विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा रन चेज किया। इससे पहले सबसे बड़ा चेज 164 रन का था। यह इंग्लैंड ने 2009 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था। वर्ल्ड कप में अब तक 150+ रन के 8 सफल चेज में से 6 इसी एडीशन में देखने को मिले हैं। वहीं, यह ऑस्ट्रेलिया का महिला टी-20 इंटरनेशनल में दूसरा सबसे बड़ा रन चेज भी रहा। दीप्ति शर्मा ने महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। उन्होंने झूलन गोस्वामी को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनके तीनों फॉर्मेट मिलाकर 356 इंटरनेशनल विकेट हो गए हैं, जबकि झूलन गोस्वामी ने अपने करियर में 355 विकेट लिए थे।

## खबर एक नजर...

### जमीन विवाद में धारदार हथियार से बुजुर्ग का काटा कान

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बडागांव में मेहरबान पिता किशनसिंह डोडिया 62 साल का खेत है। वह पुत्र भंवरसिंह और परिवार के साथ बोवनी की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान पिपलोदा बागला का रहने वाला बलबहादूर सिंह उर्फ छोटू अपने पुत्रों के साथ पहुंचा और खेत को लीज पर मांगते हुए बोवनी की बात कहने लगा। मेहरबानसिंह ने अपना खेत लीज पर देने से मना किया तो बलबहादूर ने अपने पुत्रों के साथ धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में मेहरबान का कान कट गया। बीच-बचाव में पत्नी और पुत्र आये तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल मेहरबान और भंवरसिंह को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की जानकारी मिलने पर खाचरौद पुलिस ने भंवरसिंह की शिकायत पर बलबहादूर और उसके पुत्रों के खिलाफ हथियारों से हमला करने का प्रकरण दर्ज किया है। मानसून का आगाज होने के बाद किसानों से खेतों का रूख कर लिया है। इसके साथ ही खेत की जमीन को लेकर विवाद भी शुरू हो गये है। कई गांवों में जमीन को लेकर मामले न्यायालय में विचाराधीन है, बावजूद खेती करने को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है।

### मदरसा किला मीटिंग में घुसपैठिया बोलने पर हुआ विवाद

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के मदरसा किला में रविवार को मोहर्रम पर्व के बाद मीटिंग रखी गई थी। जिसमें समाज के कई लोग शामिल हुये थे। इसी बीच मीटिंग में शामिल अशरफ पिता शाहिद गौरी 32 साल बीच में से उठकर जाने लगा, उसी समय वहां मौजूद सामी ने बोल दिया कि घुसपैठिये कहां जा रहा है। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। सामी ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर अशरफ के साथ पाइप और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। सामज के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत किया। अशरफ ने मामले की शिकायत महिदपुर थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद मामले में पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। घायल का कहना था कि वह मिटिंग के बीच प्यास लगने पर पानी पीने जा रहा था। मिटिंग में मोर्हरम पर्व के दौरान रही व्यवस्थाओं और काम को लेकर चर्चा चल रही थी।

### मवेशी चोर समझ मजदूर से लोगों ने की मारपीट

**उज्जैन।** नागदा के रहने वाले राजेश पिता कालूराम 35 साल को उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है। पूछताछ में घायल ने बताया कि वह मजदूरी करता है। शनिवार रात काम से घर लौट रहा था, उसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। रैनकोट-छाता नहीं होने पर बारिश से बचने के लिये टीनशेड से बने मवेशियों के बाड़े में पनाह ली। उसी दौरान कुछ लोग आ गये और मवेशी चोर समझकर मारपीट शुरू कर दी। उसे डंडे से पीटा गया और छोड़कर चले गये। कुछ लोगों की मदद से परिजनों को सूचना दी। उनके आने पर उसे नागदा से उज्जैन लाया गया है।

### मकान विवाद में पुत्रों ने पिता का पत्थर से फोड़ा सिर

**उज्जैन।** मक्सीरोड शंकरपुर में रहने वाले भैरूलाल पिता हेमराज बंजारा ने 2 विवाह किये है। रविवार सुबह उसकी दूसरी पत्नी के पुत्र विकास, प्रकाश और शिवम ने मकान नाम करने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। भैरूलाल की तीनों से कहासुनी बढ़ गई। तीनों ने पत्थरों से हमला कर सिर फोड़ दिया। भैरूलाल को पहली पत्नी उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी गई है। घायल का कहना था कि कुछ दिनों से मकान को लेकर दूसरी पत्नी के पुत्र विवाद कर रहे थे।

### रंजीश में चाकू दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** शाजापुर के महूपुरा में रहने वाला इरशाद पिता हकीम खा 20 साल शनिवार को तराना रिश्तेदारी में आया था। जहां से वापस लौटते समय उसे हाटपुरा घाटी के नीचे ग्राम खाकरी के रहने वाले जाफर पिता नासिर और उसके साथी ने रोक लिया। दोनों ने मारपीट की और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। इरशाद ने शोर मचाया तो कुछ लोग एकत्रित हो गये। जाफर और उसका साथी भाग निकले। सिर में लगी चोंट के चलते इरशाद ने तराना थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इरशाद का कहना था कि जाफर से उसकी पुरानी रंजीश चली आ रही है। उसी को लेकर उसने जान से मारने की धमकी दी है।

### पंचमपुरा से 17 वर्षीय बालिका लापता

**उज्जैन।** पंचमपुरा में रहने वाली 17 वर्षीय बालिका शनिवार सुबह 10 बजे घर के बाहर से लापता हो गई। परिवार ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन रात तक कुछ पता नहीं चल पाया। बालिका की मां ने रात में माधवनगर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मां की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। बालिका के पिता का निधन हो चुका है और वह मां के साथ रहती है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के साथ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश कर रही है।

1 2 0

---

ग्वालियर-उज्जैन के 6 लोग घायल, 15 से 20 यात्री थे सवार

# इंदौर से उज्जैन आ रही सपना ट्रेवल्स की बस पलटी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शनिवार-रविवार रात 1.30 बजे स्टेनफोर्ड स्कूल के सामने सपना ट्रेवल्स की बस पलटी खा गई। घटनाक्रम की खबर मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। 6 यात्रियों को गंभीर चोंट लगी थी, जिन्हे चरक अस्पताल पहुंचाया गया। बस में 15 से 20 यात्री सवार थे, शेष सुरक्षित बताये गये है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस रात में सर्कल भ्रमण कर रही थी, उसी दौरान सूचना मिली कि इंदौररोड पर स्टेनफोर्ड स्कूल के सामने सपना ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 13 झेड डी 0199 डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पलट गई है। सर्कल भ्रमण की टीम मौके पर रवाना हुई। 3 से 4 एम्बुलेंस भी आ गई थी। बस में सवार यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6 यात्रियों को चोंट लगी थी,जिसमें महिलाएं भी शामिल थी, उन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। जहां घायलों के नाम वर्षा पति गोविंद अग्रवाल 54 साल, सुधीर पिता गोविंद अग्रवाल 25 साल निवासी ग्वालियर, खुशी पिता नीरज तिवारी 15 साल विजयनगर इंदौर, वंश पिता मोहन खत्री 10 साल, वंदना पति मोहन खत्री 32 साल निवासी सांईधाम कालोनी उज्जैन और हरविंदर पिता अर्जुनसिंह 32 साल ग्राम जवीनखेड़ी सामने आये। डॉक्टरों ने सभी को भर्ती किया था। घायलों से जानकारी लेने पर पता चला कि ड्रायवर मोबाइल पर बात करते हुए बस चला रहा था। यहीं नहीं क्लीनर भी उससे हंसी मजाक कर रहा था, बस की रफ्तार तेज थी और बारिश भी हो रही थी। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में घायल वंदना के पति मोहन खत्री की शिकायत पर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की धारा 281, 125-ए भारतीया न्याय संहिता का मामला दर्ज किया गया है।



**घटनाक्रम के बाद भागे चालक-क्लीनर**

थाना प्रभारी ने बताया कि घटनाक्रम के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां घायल यात्री मिले। बस का चालक और क्लीनर भाग निकले थे। रात में पलटी बस को क्रेन से खड़ा कर जप्त करने के बाद थाने लाया गया है। बस नम्बर और ट्रेवल्स एजेंसी के माध्यम से चालक का पता लगाया जा रहा है।

**अंधाधूंध गति से बस दौड़ाते है चालक**

इंदौर-उज्जैन के बीच यात्री बसों की संख्या इतनी अधिक हो चुकी है कि चालक नम्बर के चक्कर में अंधाधूंध गति से दौड़ाते है और इंदौर से उज्जैन स्टेंड पर पहुंचने की जल्दबाजी में रहते है। बस चालकों की वजह इस मार्ग पर आये दिन दुर्घटना भी होना सामने आ रही है। यातायात पुलिस का एंटरसेप्टर वाहन अगर इस मार्ग पर यात्री बसों की रफ्तार को पकड़े तो अंधाधूंध गति के मामले सामने आ सकते है।

---

# ऋषिनगर में 2 दिनों से सूने पड़े मकान में चोरी की वारदात

### मेडिकल व्यवसाई के लौटने पर पुलिस ने शुरू की जांच

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन। ऋषिनगर में 2 दिनों से सूने मकान में रविवार को चोरी की वारदात होना सामने आया। परिवार के लौटने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। आसपास कैमरों के फुटेज खंगाले, लेकिन बदमाशों का पता नहीं लग पाया। मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

माधवनगर थाना एएसआई मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि ऋषिनगर स्थित एस 14/8 मकान में किराये से ऊपरी मंजिल पर नवीन पिता मांगीलाल पाटीदार निवास करता है। 2 दिनों से वह अपने पैतृक गांव खेडावद शाजापुर परिवार के साथ गया हुआ था। रविवार को मकान मालिक ने उसके मकान का ताला टूटा देखा तो सूचना दी। शाजापुर से लौटने पर नवीन से जानकारी लेकर जांच शुरू की गई। नवीन के अनुसार बदमाशों ने उसके घर से सोने के आभूषण और 40 हजार रुपए नगद चोरी किये है। वारदात स्थल के आसपास कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया गया लेकिन कहीं भी कैमरे लगे होना सामने नहीं आये। ऋषिनगर में वारदात स्थल की ओर जाने वाले मार्गो पर लगे कैमरे देखने पर कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया। फिलहाल मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। एएसआई विश्वकर्मा के अनुसार नवीन थाना क्षेत्र के होम्योपैथिक दवा का मेडिकल संचालित करता है।

---

आरपीएफ ने देखे कैमरे, जीआरपी ने की घेराबंदी, दूसरी वारदात की फिराक में था

# गिरफ्त में आने पर मिले 2 मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के साथ वारदातों पर लगाम लगाने के लिये आरपीएफ और जीआरपी मिलकर काम कर रहे है। शनिवार को मुसाफिर खाना बुकिंग विंडो के पास से यात्री का मोबाइल चोरी होने पर आरपीएफ ने कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये और जीआरपी ने घेराबंदी कर बदमाश को दबोच लिया। उसके पास से चोरी के 2 मोबाइल बरामद किये गये है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि गुजरात का रहने वाला महेश भाई उज्जैन आया था। वापस लौटने के लिये ट्रेन पकड़ने के लिये स्टेशन पहुंचा था। ट्रेन आने में समय होने पर मुसाफिर खाना के पास बुकिंग विंडो के पास विश्राम के लिये लेट गया। आंख लगने पर अज्ञात बदमाश ने जेब से मोबाइल निकाला और भाग निकला। 24 हजार कीमत का सेमसंग मोबाइल चोरी होने की शिकायत उसके द्वारा जीआरपी से की। बदमाश का पता लगाने के लिये आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव का सहयोग लिया गया और कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया, जिसकी घेराबंदी शुरू की गई। बदमाश दूसरी वारदात करने की फिराक में नागदा दिशा के रेलवे आउटर पर घूम रहा था। जीआरपी की टीम ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। उसके पास से चोरी का सेमसंग मोबाइल बरामद किया गया। वहीं एक अन्य मोबाइल रेडमी कंपनी 12 हजार का भी जप्त हुआ। जो कुछ दिन पहले स्टेशन से चोरी किया जाना सामने आया। आरोपी को थाने लाया गया और पूछताछ की गई। बदमाश आगर मालवा के सुसनेर थाना क्षेत्र स्थित श्यामपुरा का रहने वाला विक्रमसिंह 30 साल सामने आया। जिसके खिलाफ पूर्व में मारपीट और छेड़छाड़ के मामले दर्ज है। थाना प्रभारी भावसार के अनुसार आरोपी नशे का आदी है और लत पूरी करने के लिये रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों के मोबाइल चोरी कर रहा था। बदमाश को चंद घंटो में गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद करने में आरपीएफ प्रभारी नरेन्द्र यादव के सहयोग से प्रधान आरक्षक बद्रीलाल राठौर, आरक्षक रवि बघेल, हरसेवा लोधी, आरपीएफ प्रधान आरक्षक बुद्धसिंह, मनीराम, आरक्षक सुरजमल मीणा और नंदसिंह का सहयोग रहा।

---

# बीड़ी नहीं देने पर तलवार से युवक की हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




बिरलाग्राम में रविवार शाम तलवार से सीने पर हमला कर युवक की हत्या कर दी गई। शराब पीने के बाद बीड़ी मांगने पर विवाद हुआ था। पुलिस ने कुछ देर बाद ही आरोपी को हिरासत में ले लिया।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि शाम 6.30 के लगभग खबर मिली कि ई ब्लॉ टापरी नाले के पास युवक की तलवार से हमला कर हत्या कर दी गई। उसके सीने पर वार किये गये है। पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक जयप्रकाश उर्फ टक्कू पिता राकेश परिहार 19 साल ई ब्लॉक बिरलाग्राम का रहने वाला है। हत्या वहीं के रहने वाले मोहनलाल पिता अंबाराम ढोली 55 साल ने की है। घटनास्थल पर जांच के बाद मृतक की बॉडी पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजी गई। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया और आरोपी की तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद ही आरोपी को राउंड अप कर लिया गया। जिससे पूछताछ में पता चला कि दोनों ने पहले साथ में बैठकर शराब पी थी, मोहनलाल ने बीड़ी मांगी, लेकिन जयप्रकाश ने मना कर दिया। दोनों के बीच कहासुनी हुई। मोहनलाल चला गया और कुछ देर बाद तलवार लेकर लौटा। जयप्रकाश कुछ समझ पाता उससे पहले मोहनलाल ने सीने पर वार करना शुरू कर दिया। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मामले की जांच जारी है। तलवार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

पति से झगड़ा होने पर पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

# निजी अस्पताल में 7 घंटे चले उपचार के बाद मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पति से झगड़ा होने पर शनिवार-रविवार रात पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। रात 3 बजे हालत बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां सुबह 10 बजे के लगभग मौत हो गई।

महाकाल थाना एसआई नेहा जादौन ने बताया कि रूद्रसागर कालोनी में रहने वाली पूजा पति गुलशन वर्मा 28 साल को रात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची लेकिन हालत गंभीर थी। सुबह 10 बजे के लगभग खबर मिली कि पूजा की मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम किया गया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां सामने आया कि पति महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूलप्रसाद की दुकान लगाता है। रात को शादी में से घर लौटा था, उसने शराब पी रखी थी, पूजा ने शराब पीकर घर लौटने की बात कहीं तो दोनों के बीच विवाद हो गया। पति कमरे में जाकर सो गया। कुछ देर बाद पूजा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पूजा की मौत होने पर इंदौर के देपालपुर स्थित मायके से परिजन भी अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि 9 साल पहले शादी हुई थी, उन्होने फिलहाल कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं किया। बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा गया है।

---

# तोपवाली मस्जिद के पास फंदे पर लटका मिला युवक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

लोगों से शनिवार देर शाम भिक्षा मांग रहा युवक आधी रात को महाकाल मंदिर क्षेत्र की तोपवाली मस्जिद के पास खाली दुकान में फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास किये लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

महाकाल थाना एएसआई बलराम थिरोटा और प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव ने बताया कि रात में तोपवाली मस्जिद की गली में दुकान के अंदर एक युवक का शव लटका होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। युवक ने दुपट्टेनुमा कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगाई थी। उसे फंदे से उतारा गया। एक हाथ पर अंग्रेजी में सतीश और हिन्दू में राधे-राधे गुदा था। उसके हाथ पर पुराने कट के निशान भी थे। आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास करने पर पता चला कि देर शाम को लोगों से भिक्षा मांग रहा था, लेकिन कौन है और कहां का रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं है। घटनास्थल से शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। रविवार दोपहर तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी, पोस्टमार्टम के बाद शव दफनाया गया है। आशंका है कि मृतक बाहर का रहने वाला है। पहचान होने और परिजनों के मिलने पर ही उसके संबंध में जानकारी स्पष्ट हो पायेगी।

---

# महाकाल मंदिर में शिखर दर्शन में श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाकालेश्वर मंदिर में नियमित बाबा महाकाल के दर्शन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिखर दर्शन भी करते हैं। इन दिनों मंदिर परिसर के आसपास की गई व्यवस्थाओं के कारण कई श्रद्धालुओं को शिखर दर्शन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

श्रद्धालुओं का कहना है कि एक ओर से शिखर का दर्शन संभव हो रहा है, लेकिन दूसरी ओर लगाए गए टेंट और उसके गुंबद जैसी संरचनाएं शिखर के सामने आ जाने से दर्शन बाधित हो रहे हैं। इसके चलते श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से मंदिर के शिखर के दर्शन नहीं हो पा रहे हैं।

श्रद्धालुओं ने प्रशासन और मंदिर प्रबंधन से मांग की है कि शिखर दर्शन के मार्ग और दृश्य को बाधित करने वाली अस्थायी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्त बिना किसी रुकावट के बाबा महाकाल के शिखर के दर्शन कर सकें।


हालांकि, मंदिर प्रशासन की ओर से इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि आवश्यक हुआ तो व्यवस्थाओं में बदलाव कर श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित की जा सकती है।


---

देखरेख के अभाव में खत्म हो रहा वाटिका का आकर्षण, बच्चों की सुरक्षा पर भी मंडरा रहा खतरा

# विष्णु वाटिका उजड़ी, झूले गायब बच्चों की फिसल पट्टियां भी टूटी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





राम जनार्दन मंदिर के पास स्थित विष्णु वाटिका इन दिनों बदहाली का शिकार होती नजर आ रही है। यहां बच्चों के खेलकूद के लिए लगाए गए अधिकांश संसाधन या तो टूट चुके हैं या पूरी तरह गायब हो गए हैं। नियमित देखरेख के अभाव में वाटिका का आकर्षण लगातार कम होता जा रहा है।

वाटिका में बच्चों के लिए लगाए गए झूले गायब हो चुके हैं, जबकि फिसल पट्टियां कई जगह से टूट गई हैं। इनमें बड़े-बड़े छेद हो गए हैं, जिससे बच्चों के घायल होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा अन्य खेल उपकरण भी जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं।

**हर दिन पहुंचते हैं बड़ी संख्या में लोग**

राम जनार्दन मंदिर के पास स्थित विष्णु वाटिका में प्रतिदिन सुबह और शाम बड़ी संख्या में लोग सैर करने और बच्चों के साथ समय बिताने पहुंचते हैं। लेकिन खेल उपकरणों की खराब स्थिति के कारण बच्चों को इन सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे लोगों का रुझान भी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।

**बगीचे की हरियाली भी हो रही खत्म**

केवल खेलकूद के संसाधन ही नहीं, बल्कि वाटिका का बगीचा भी उजड़ता जा रहा है। पूरे परिसर की सुंदरता प्रभावित हुई है और पहले जैसी रौनक अब दिखाई नहीं देती। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि विष्णु वाटिका में टूटे और गायब हो चुके खेल उपकरणों को शीघ्र बदलकर नए संसाधन लगाए जाएं। साथ ही नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिल सके और वाटिका का आकर्षण बरकरार रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com